Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 181 | गुरूवार, 03 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राष्ट्रपति महामा ने किया सम्मानित

# घाना में पीएम मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान

**नई दिल्ली।**

पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना में प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। घाना के राष्ट्रपति महामा ने उन्हें सम्मानित किया। सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृतज्ञता प्रकट की। उन्हों कहा, वे 1.4 अरब भारतीयों की तरफ से इसे स्वीकार करते हैं। अफ्रीकी देशों के दौरे पर गए पीएम मोदी को घाना में 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। राजधानी अक्करा में एक कार्यक्रम के दौरान देश के राष्ट्रपति महामा ने पीएम मोदी को सम्मानित किया। घाना में 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित होने पर



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'घाना के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है... मैं राष्ट्रपति महामा, घाना सरकार और घाना के लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।' घाना ने उत्कृष्ट राजनीतिज्ञता और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व का सम्मान किया बता दें कि बीते तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री ने पहली घाना यात्रा की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री को यह पुरस्कार उनकी ₹उत्कृष्ट राजनीतिज्ञता और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व₹ के लिए प्रदान किया गया। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि घाना की उनकी ₹ऐतिहासिक₹ राजकीय यात्रा भारत-घाना संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह भारत-घाना के बीच गहरे और दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण है। पीएम मोदी ने कहा, 'मैं 1.4 अरब भारतीयों की ओर से विनम्रतापूर्वक यह सम्मान स्वीकार करता हूं। मैं यह पुरस्कार हमारे युवाओं की आकांक्षाओं, उनके उज्ज्वल भविष्य, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं तथा भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित करता हूं।'

## संघीय कानून की अवहेलना के आरोप

# कैलिफोर्निया में ट्रंप प्रशासन की आव्रजन संबंधी कार्रवाई 'नस्लीय'

**नई दिल्ली।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार के खिलाफ एक बड़ा मुकदमा यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर किया गया है। आरोप है कि ट्रंप प्रशासन ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में भूरे रंग की त्वचा वाले लोगों को निशाना बनाकर बिना कारण जबरन इमिग्रेशन छापेमारी की। साथ ही प्रशासन एजेंट लोगों को सड़कों, बस स्टॉप, खेतों और मजदूर ठिकानों से हिंसक तरीके से गिरफ्तार कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार के खिलाफ एक बड़ा मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा ट्रंप पर इस आरोप के तहत लगाया गया है कि ट्रंप प्रशासन ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में भूरे रंग की त्वचा वाले लोगों को निशाना बनाते हुए इमिग्रेशन (प्रवासन) छापेमारी की। बता दें कि यह मामला यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर किया गया है और इसमें कहा गया है कि सरकारी एजेंट बिना किसी ठोस कारण के लोगों को सड़कों, बस स्टॉप, पार्किंग, खेतों और दिहाड़ी मजदूरों के ठिकानों से जबरन और हिंसक तरीके से गिरफ्तार कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के खिलाफ दायर इस मुकदमे में इस कार्रवाई को असंवैधानिक करार देते हुए इसपर रोक लगाने की मांग की गई है। अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के वकील मोहम्मद तजसर ने कहा कि ये एजेंट शहर में हर जगह अचानक आकर लोगों को बिना वजह उठा रहे हैं, और हम चाहते हैं कि ये बंद हो। साथ ही शिकायत में यह भी कहा गया है कि पकड़े गए लोगों को खराब, अंधेरी और गंदी जेलों में रखा जा रहा है, जहां उन्हें वकील से मिलने की इजाजत भी नहीं दी जाती। हालांकि दूसरी ओर इन आरोपों को होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रवक्ता ट्रिशा मैकलॉघलिन ने घिनौना और पूरी तरह झूठा बताया। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें केवल तय लक्ष्यों पर कार्रवाई करती हैं और सभी गिरफ्तारी कानूनी तरीके से होती हैं। सभी कैदियों को खाना, इलाज और वकील से बात करने की सुविधा दी जाती है। ध्यान रहे कि ट्रंप प्रशासन पर किए गए इस मुकदमे में तीन प्रवासियों, कुछ प्रवासी अधिकार संगठनों और दो अमेरिकी नागरिकों ने शिकायत की है। इनमें एक अमेरिकी नागरिक को उस समय हिरासत में ले लिया गया, जब उसने अपनी पहचान दिखाई थी।

# अब गांव स्तर तक दो दिन पहले मिल सकेगी बाढ़ की चेतावनी

**नई दिल्ली।**



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बुधवार को सी-फ्लड नामक वेब आधारित बाढ़ की पूवार्नुमान प्रणाली की शुरूआत की। इसे दो दिन पहले तक गांव स्तर पर चेतावनी देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रणाली को केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), सेंटर फॉर डेवलपमेंट आफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) और नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) ने विकसित किया है। इसे इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मैती) और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा संयुक्त रूप से संचालित राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत प्रारंभ किया गया है।

# 'बिना देरी दंडित किए जाएं पहलगाम हमले के दोषी' अमेरिका में एस जयशंकर ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली।**



अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और भारत के संगठन क्वाड ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की है। मंगलवार को वाशिंगटन में क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में पहलगाम पर हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसमें मारे गए 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक के स्वजन के प्रति गहरी संवेदना जताई है। इसमें संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आग्रह किया गया है कि वे इस हमले के दोषियों को तत्काल सजा दिलाने में मदद करें। भारत की मंशा के विपरीत पहलगाम हमले के संदर्भ में संयुक्त बयान में पाकिस्तान या इसकी तरफ से पोषित आतंकी संगठनों का नाम नहीं लिया गया है और न ही भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष का उल्लेख है।संयुक्त बयान में कहा गया है, क्वाड सीमा पार आतंकवाद समेत हर तरह के आतंकवाद और किसी भी तरह के अतिवाद की कड़ी निंदा करता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी हम बेहद कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इसमें मारे गए लोगों के स्वजन के प्रति हम गहरी संवेदना जताते हैं और जो लोग घायल हुए हैं उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।

# पीएम मोदी बोले- आतंक के खिलाफ लड़ाई में सहयोग का आभार



**नई दिल्ली।**

पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति महामा से मुलाकात की। दोनों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तार से बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग के लिए घाना का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश 'एकजुटता के माध्यम से' सुरक्षा का मंत्र लेकर आगे बढ़ेंगे। जानिए पीएम मोदी ने घाना और भारत के संबंधों पर और क्या बातें कहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के बीच वार्ता के बाद भारत और घाना ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति महामा और उन्होंने भारत और घाना की द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने का दर्जा देने का निर्णय लिया है। बता दें कि पीएम मोदी नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान छह और सात जुलाई को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों से भारत के संबंधों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। घाना के राष्ट्रपति महामा के साथ वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सिर्फ साझेदार ही नहीं बल्कि सह-यात्री भी है। उन्होंने कहा, हमने अगले पांच वर्षों में भारत-घाना व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। हम इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है।

**'एकजुटता के माध्यम से' सुरक्षा का मंत्र**

## रक्षा मंत्री राजनाथ-हेगसेथ के बीच हुई बात

# भारत-अमेरिका 10 साल की रूपपेखा पर डील करेंगे

**नई दिल्ली।**



भारत और अमेरिका रक्षा सहयोग को नई दिशा देने जा रहे हैं। इसी क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ के बीच फोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने दस साल के रक्षा समझौते पर सहमति जताई। साथ ही, तेजस विमान के लिए जीई इंजन की डिलीवरी तेज करने और संयुक्त उत्पादन को लेकर भी बातचीत हुई। उधर, वाशिंगटन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी हेगसेथ से मुलाकात की। भारत और अमेरिका आने वाले समय में दस साल के लिए एक नई रक्षा साझेदारी की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे दोनों देशों के बीच सुरक्षा, तकनीक और सैन्य सहयोग और मजबूत होगा। इसी सिलसिले में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भारत और अमेरिका के बीच रक्षा और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 10 साल के नए समझौते पर सहमति जताई है। यह समझौता दोनों नेताओं की फोन पर हुई बातचीत के बाद तय हुआ है और इसे इस साल होने वाली अगली मुलाकात में साइन किया जाएगा। साथ ही इस बातचीत के दौरान राजनाथ सिंह ने अमेरिका से तेजस लड़ाकू विमान में इस्तेमाल होने वाले जीई एफ 404 इंजन की डिलीवरी में तेजी लाने को कहा। इन इंजनों की देरी की वजह से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारतीय वायुसेना को तेजस मार्क-1ए विमान तय समय पर नहीं दे पाया है। इसके अलावा सिंह ने अमेरिका की जीई कंपनी और भारत की एचएएल के बीच एफ414 इंजन के संयुक्त निर्माण को लेकर समझौते को भी जल्दी पूरा करने की बात कही।

# 'भाजपा और कांग्रेस का रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका जैसा' केजरीवाल बोले- गुजरात से बीजेपी का जाने का समय आ गया

**अहमदाबाद।**



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उप चुनाव में भाजपा ने दादागीरी में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन विसावदर की जनता ने आप प्रत्याशी को जिता दिया। भाजपा और कांग्रेस आपस में मिले हुए हैं। इनका रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका जैसा है। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात से भाजपा का जाने का समय आ गया। राज्य में अब अब देशभक्त पार्टी सत्ता में आएगी। गुजरात पर 30 वर्ष कांग्रेस और 30 वर्ष भाजपा ने शासन किया, लेकिन इन दलों ने राज्य का क्या हाल कर दिया। सूरत जैसे शहर में बारिश के कारण लोगों के बेडरूम में पानी भर गया। राजकोट से जूनागढ़ सवा सौ किलोमीटर तक जाने में साढ़े तीन घंटे का समय लग गया। 35 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से कार चलानी पड़ी।

# दिल्ली-यूपी में आज जमकर बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में अब मानसून जमकर बरस रहा है। मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में अगले कई दिनों में बहुत भारी बारिश की संभावना है। इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा। आइएमडी ने बताया, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, सिक्किम और झारखंड में अत्यधिक बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भी भारी बारिश हो सकती है। आइएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने एक प्रेस वार्ता में मौसम की गंभीरता को लेकर कहा कि मध्य भारत और इससे सटे दक्षिणी प्रायद्वीप में भारी वर्षा होने की संभावना है। इसमें पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ और तेलंगाना के निकटवर्ती क्षेत्र तथा गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से शामिल हैं। उन्होंने कहा, हमें गोदावरी, महानदी और कृष्णा जैसी नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों पर नजर रखनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में 30 जून की रात बादल फटने से हुई भारी तबाही के बीच राहत कार्यों में जुटी टीमों को बुधवार को पांच और शव मिले हैं।



## संपादक की कलम से

# हिंदी साम्राज्यवादी भाषा नहीं

महाराष्ट्र में राज ठाकरे की पार्टी के गुंडों ने एक दुकानदार को थप्पड़ों से खूब पीटा। कारण सिर्फ यह था कि दुकानदार मराठी भाषा में बोल नहीं पाया। यह दुकानदार की ही नहीं, बल्कि देश की राजभाषा हिंदी की पिटाई की गई है। ऐसे असंख्य मामले तमिलनाडु में भी सामने आए हैं, जहां हिंदी भाषियों को लतियाया गया है। मुंबई में राजनीतिक गुंडे उत्तरी भारत के लोगों को बार–बार खदेड़ते रहे हैं, लिहाजा यह एक संवेदनशील मुद्दा बन गया है। दरअसल केरल में नंबूदरीपाद से लेकर तमिलनाडु में पेरियार के हिंदी–विरोधी आंदोलन तक हिंदी लगातार पिटती रही है।



ललित शर्मा
संपादक

उस पर राजनीतिक आरोप चस्पां किए जाते रहे हैं कि यह साम्राज्यवाद की भाषा है। संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल अन्य भाषाओं को खा जाएगी। उनके भाषा–क्षेत्र पर कब्जा कर लेगी। ये मिथ्या धारणाएं हैं। संविधान में कोई साम्राज्यवादी भाषा स्थान पा सकती है? भारत के संविधान में हिंदी को संघ की राजभाषा के तौर पर मान्यता दी गई है। देवनागरी को आधिकारिक लिपि के रूप में स्वीकार किया गया है। संविधान सभा में इस पर लंबी चर्चाएं की गईं, अंतत: 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा तय किया गया। संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी संबंधी प्रावधान हैं। संविधान का भाग 17, अनुच्छेद 343 से 351 तक, राजभाषा से संबंधित प्रावधानों को समर्पित है। अनुच्छेद 351 में केंद्र सरकार को हिंदी भाषा के विकास और प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों को अभिव्यक्त करने का माध्यम बन सके। देश हर 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाता है, बेशक हमें ऐसे आयोजन और ऐसी व्यवस्था रस्मी लगते रहे हैं। यकीनन हिंदी देश के बहुसंख्यक वर्ग की भाषा है। करीब 60–65 करोड़ भारतीय हिंदी बोल, लिख, समझ और अभिव्यक्त कर सकते हैं। मराठी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, तेलुगू आदि अहिंदी भाषी राज्यों, क्षेत्रों के राजनेता, सांसद, लेखक, कलाकार आदि हिंदी भाषा सीखते हैं, बोलने का अभ्यास करते हैं, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिक बन सकें। कई अहिंदी भाषी लेखक, बंगाल की महाश्वेता देवी और महाराष्ट्र के विजय तेंदुलकर आदि, तभी राष्ट्रीय बन पाए और उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार आदि से सम्मानित किया गया, जब उनकी कृतियों के हिंदी अनुवाद प्रकाशित हुए। बंगाल के प्रतिष्ठित, विख्यात लेखक शरत चंद्र और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास हिंदी के प्रकाशकों ने खूब छापे हैं। देश में उनका एक निश्चित पाठक वर्ग भी है। भारत के सर्वप्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकार हैं रवींद्र नाथ टैगोर। उनकी गीतांजलि का अनुवाद भी हिंदी में किया गया, जो आज तक हिंदी पाठकों के बीच बिक रहा है। सवाल है कि देश को भाषायी आधार पर क्यों बांटा जा रहा है? यदि महाराष्ट्र में किसी हिंदी–भाषी दुकानदार को पीटा जाता है अथवा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मद्देनजर त्रिभाषा फॉर्मूले में भी हिंदी का स्थान छीना गया है, तो यह सरासर संविधान का उल्लंघन है, लिहाजा आपराधिक भी है। यह ठाकरे बंधुओं की क्षुद्र राजनीति हो सकती है, क्योंकि बीएमसी के चुनाव बहुत करीब हैं। राज ठाकरे के सियासी गुंडे तो लंबे अंतराल से महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों को पीटते रहे हैं, लेकिन मराठी मानुष भी उस पार्टी को वोट नहीं देते, लिहाजा उसका एक भी विधायक सदन में चुन कर नहीं आ पाया है। मुंबई में बॉलीवुड भी है, जो अरबों का एक उद्योग है। देश भर से लोग उसमें सक्रिय हैं। जो घोषित तौर पर सुपर स्टार हैं और अरबों कमा रहे हैं, उनमें से अधिसंख्य मराठी नहीं हैं। आज वे इस मुद्दे पर खामोश क्यों हैं? शायद वे भी ठाकरे बंधुओं की राजनीति से डरते होंगे! वे सुपर स्टार कहां छिप जाते हैं, हमें नहीं पता। इन दिनों बड़ी संख्या में दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्में हिंदी में डब की जा रही हैं। रजनीकांत और कमल हासन इसी तरह राष्ट्रीय सुपर स्टार बन सके। ऐसी फिल्में खूब मुनाफा कमाती हैं, लेकिन हिंदी की बात आती है, तो पीटने वालों के पीछे छिप जाते हैं। यह कैसी नैतिकता और राष्ट्रीयता है? बहरहाल हिंदी विश्व की चौथे नंबर की भाषा है। लोकसभा की आधी से अधिक सीटें हिंदी क्षेत्र की हैं। देश के सर्वाधिक प्रधानमंत्री हिंदी क्षेत्रों से आए हैं। ऑक्सफोर्ड शब्दकोश ने हमारे कई शब्दों को ग्रहण किया है।

# अपराधियों से निपटने में विफल
# नीतिश सरकार देगी हथियार लाइसेंस

बिहार सरकार ने यह फैसला राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों पर हमले और हत्याओं की बढ़ती घटनाओं के कारण लिया है। इसके विपरीत सच्चाई यही है कि ऐसा करके नीतिश सरकार ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को साधने की कोशिश की है। राजनीतिक दल सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। इससे बेशक राज्य का चाहे कितना ही नुकसान क्यों ना हो। बिहार जैसा प्रदेश जो एक दौर में नस्लवाद और जातीय हिंसा के लिए कुख्यात रहा, अब भी अपराधों के मामले में पीछे नहीं हैं। बिहार में सत्ता में कोई भी राजनीतिक दल रहा हो, अपराधों से सभी का गहरा रिश्ता रहा है। बिहार में कानून-व्यवस्था हमेशा से एक चुनौती रही है। हालात यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। इसका सरकार ने आसान विकल्प खोज लिया है। वह यह है कि अब मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य जैसे जनप्रतिनिधि आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार रख सकेंगे। जिससे लगभग ढाई लाख जनप्रतिनिधियों को फायदा मिलेगा। राज्य के गृह विभाग ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में आवेदनों की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश जारी किया है। बिहार में आगामी चंद महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नीतिश सरकार के इस फैसले को चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है। बिहार सरकार ने यह फैसला राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों पर हमले और हत्याओं की बढ़ती घटनाओं के कारण लिया है। इसके विपरीत सच्चाई यही है कि ऐसा करके नीतिश सरकार ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को साधने की कोशिश की है। यदि नीतिश कुमार के इस फैसले को पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा के हित में भी माना जाए तब यह प्रदेश में अपराध की हालत को दशार्ता है। जिस प्रदेश में जनप्रतिनिधी ही सुरक्षित नहीं हैं, वहां आम अवाम की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। सवाल यह भी है कि लाखों की संख्या में हथियारों के लाइसेंस देने से क्या राज्य में हिंसा में बढ़ोत्तरी नहीं होगी। बिहार में यदि पुलिस तंत्र प्रभावी और मजबूत होता तो यह नौबत नहीं आती कि लाखों जनप्रतिनिधियों को हथियारों के लिए लाइसेंस दिया जाए। इससे जाहिर है कि मुख्यमंत्री नीतिश ने अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के बजाए हथियारों के लाइसेंस देने का आसान विकल्प चुना है। बड़ा सवाल यह भी है कि जनप्रतिनिधी अपनी सुरक्षा हथियारों से कर लेंगे, किन्तु प्रदेश की अवाम का क्या होगा। मुख्यमंत्री नीतीश का यह फैसला दशार्ता है कि बिहार में कानून-व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो चुकी है। बिहार पुलिस हिंसक अपराध के मामलों में आई तेजी है। बिहार में पिछले 10 वर्षों में राज्य में फर्जी शस्त्र लाइसेंस, अवैध बंदूक और गोला व बारूद की अनाधिकृत तौर पर बिक्री बढ़ी है और यह प्रदेश में बढ़ रही हिंसा की बड़ी वजह है। राज्य के अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने इस दिशा में एक अध्ययन भी किया है। बिहार पुलिस ने यह अध्ययन बिहार पुलिस के महानिदेशक विनय कुमार को सुपर्द किया। पुलिस ने राज्य में हिंसक अपराधों में वृद्धि को सीधे तौर पर राज्य में अवैध हथियारों और गोला-बारूद की बढ़ती बिक्री से जोड़ा है और हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, डकैती, लूट, बैंक डकैती और सड़क डकैती जैसे अपराधों के लिए इसे जिम्मेदार माना है। एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो) के अनुसार, बिहार 2017 से 2022 के बीच हिंसक अपराधों के मामले में लगातार शीर्ष पांच राज्यों में शुमार रहा है। इस अध्ययन में यह बात सामने आई कि प्रति वर्ष पटना में 82 हिंसा के मामले औसतन रूप से सामने आए हैं और राज्य की राजधानी हिंसा की राजधानी बन चुकी है। पटना के बाद क्रमशः मोतिहारी में 49.53, सारण 44.08), गया 43.50, मुजफ्फरपुर 39.93 और वैशाली में 37.90 मामले प्रति वर्ष औसतन दर्ज किए जा रहे हैं। हिंसक अपराधों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष 10 जिलों में पटना, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, नालंदा और बेगूसराय शामिल हैं। ये उन शीर्ष 10 जिलों में से भी हैं जिनमें सबसे अधिक आर्म्स एक्ट के मामले हैं। अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि अवैध आग्नेयास्त्र और हिंसक अपराध के मामलों के बीच घनिष्ठ संबंध है। एक दशक के अपराधों के अध्ययन के आधार पर विशेष कार्य बल ने बिहार के डीजीपी से सिफारिश की है कि वे व्यक्तिगत गोला-बारूद कोटा को मौजूदा 200 से घटाकर न्यूनतम कर दें। साथ ही यह भी सिफारिश की गई है कि डीजीपी कार्यालय आग्नेयास्त्रों का उपयोग करने में असमर्थ मानता है, उनके लाइसेंस रद्द कर दे। लाइसेंस प्राप्त मिनीगन कारखानों की निगरानी करें। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत में अपराधों के मामलों में शीर्ष पर उत्तर प्रदेश रहा। इसके बाद अपराधों के पायदान पर क्रमशः केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार है। अपराधों की श्रेणी में चोरी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। इसके बाद दूसरे नंबर पर डकैती और उत्पीड ? के मामले सामने आए। अपराधों में आंकड़ों के लिहाज से तीसरे नंबर बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। इस मामले में चिंता की बात यह है कि इसमें वर्ष 2023 के मुकाबले 1.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है जबकि अपहरण के मामलों में पिछले वर्ष के मुकाबले 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बिहार सरकार द्वारा जारी बिहार आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित दर्ज और निपटाए गए मामलों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 2021-22 में क्रमशः 13.05 प्रतिशत और 19.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-22 में दर्ज सभी मामलों में से घरेलू हिंसा के लिए सबसे ज्यादा 4,889 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद दहेज उत्पीड ? (787), यौन उत्पीड ? (116), दूसरी शादी (81), मोबाइल/साइबर से जुड़े अपराध (59), बाल विवाह (24), कार्यस्थल पर यौन उत्पीड ? (22), मानव तस्करी (12), दहेज हत्या (5) और अन्य (1,297) दर्ज किए गए। 2021-22 में 86 प्रतिशत दर्ज मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 2020-21 में यह 82 प्रतिशत था।



बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने आंकड़े और आबादी के आधार पर दावा किया है कि 2004 के मुकाबले 2025 में अपराध में भारी गिरावट आयी है। लालू सरकार के काल खंड से तुलना करते हुए डीजीपी ने कहा कि 20–21 साल पहले सालाना 500– 1000 फिरौती के लिए अपहरण के मामले दर्ज होते थे। अब यह आंकड़ा 50 के आसपास है। डकैती के मामलों में भी पहले 1200 से अधिक वार्षिक घटनाएं होती थीं, जो अब घटकर 150 के करीब पहुंच चुकी हैं। गौरतलब है कि बिहार पहले से ही भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम रहा है। लालू सरकार के चारा और जमीन के बदले में रेलवे में नौकरी को लेकर लालू यादव जेल में हैं। नीतिश कुमार से उम्मीद थी कि बिहार में भ्रष्टाचार और अपराधों में सुधार होगा। किन्तु जिस तरह हथियारों की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बिहार का भविष्य उज्जवल नजर नहीं आता।

## डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन'



## सावन सुमन बहार

### कविता

घाटी–माटी की महक, चहक चमक कचनार।
प्रसून पर आतप खिले, 'सावन' सुमन बहार।।

सघन घन की बस्ती में, हिम हेम धूप–छांव।
घाटी में बिहसे हंसे, खुशियों के लघु गांव।।

बन सको तो बनो मनुज, हिमालय जस विशाल।
हियहिं बसा लो फूल–मरु, शूल, सरिता व ताल।।

चहके, महके व चमके, भारत का सरताज।
मंद–मंद मुस्का रहा, सदियों से गिरिराज।।

हिय रंग संग बरसे सदा, रिमझिम बारिश–धूप।
खिल उठे सुमन सा शिखर, निरखे टेंगा रूप।।

नभ–नगर से निरेखता, तारों संग मयंक।
चमक चांदी जस नगपति, रति सुख पति के अंक।।

# वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय भूलकर न करें ये गलतियां, वरना स्किन को हो सकता है नुकसान

वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं। फेस पर जमी धूल-मिट्टी, पसीना और मेकअप को हटाने के लिए कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करती हैं। इसकी मदद से एक झटके में फेस पर जमी गंदगी साफ हो जाती है और चेहरा भी फ्रेश नजर आता है। वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वेट वाइप्स के इस्तेमाल के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि इनका इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**न रगड़ें फेस:** कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के दौरान फेस को साफ करने और मेकअप को हटाने के लिए रगड़ती हैं। ऐसा करने से स्किन को नुकसान हो सकता है और जलन की समस्या हो सकती है।

इसका इस्तेमाल हमेशा हल्के हाथों से करना चाहिए।

**चेहरे को करें वॉश:** वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के बाद फेस को अच्छे से क्लीन करना जरूरी है। क्योंकि यह फेस की ऊपरी गंदगी और मेकअप को साफ करता है। इसलिए इसका इस्तेमाल करने के बाद फेस को किसी माइल्ड क्लींजर या फिर फेस वॉस की सहायता से अच्छे से धोएं।

इसका इस्तेमाल तभी करें, जब फेस को साफ करना जरूरी हो।

**सील बंद वाइप्स का इस्तेमाल:** खुले हुए वाइप्स का इस्तेमाल करने से स्किन को नुकसान हो सकता है। क्योंकि खुले वाइप्स में बैक्टीरिया पनप सकते हैं और इसकी वजह से स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं खुले वाइप्स सूख जाते हैं, जिस वजह से स्किन को नुकसान हो सकता है।

वेट वाइप्स के पैक को हमेशा बंद रखना चाहिए और पैक को सील बंद कर लें।

**न इस्तेमाल करें ये वाइप्स:** अल्कोहल फ्री वाइप्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आपकी त्वचा को किसी तरह का नुकसान न हो।

वहीं खुशबू वाले वाइप्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि इसमें केमिकल कम होता है और स्किन पर एलर्जी, जलन और रेडनेस की समस्या हो सकती है।

# जल्द करना चाहते हैं वेट लॉस तो कौन सी एक्सरसाइज ज्यादा फायदेमंद

शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है। वेट लॉस के लिए सही डाइट और फिजिकल एक्टिविटी काफी जरूरी है। अगर आप रनिंग, वॉकिंग या एक्सरसाइज आदि नहीं करती हैं, तो सही खानपान होने के बाद भी आपको वेट लॉस में मुश्किल आ सकती है। हालांकि शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है।



रनिंग और वॉकिंग क्या ज्यादा बेहतर

वेट लॉस के लिए अक्सर लोग वॉकिंग या रनिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे फैट ज्यादा तेजी से बर्न होता है और इसको करने का सही तरीका क्या है।

एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप सही समय और सही तरीके से रनिंग या वॉकिंग करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि इससे वेट लॉस कैसे और कितना कम होगा, यह सभी के लिए अलग-अलग हो सकता है।

जब आप वॉक करते हैं, तो इसमें फैट ऑक्सीडेशन का उपयोग होता है। वहीं रनिंग करने में शरीर स्टोर किए हुए ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब हम वॉक करते हैं, तो हमारी बॉडी फैट बर्निंग जोन में होता है। वहीं इस दौरान फैटी एसिड्स और फैट सेल्स का ब्रेकडाउन होता है। बाद में यह एटीपी के फॉर्म में ऑक्सीडाइड हो जाते हैं। अगर आसान भाषा में इसको समझा जाए, तो इससे बॉडी में ज्यादा एनर्जी मिलती है।

जब आप रनिंग करते हैं, तो बॉडी के पास एनर्जी लेने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इस दौरान शरीर को फौरन एनर्जी चाहिए होती है। इसलिए रनिंग के समय ग्लाइकोलिसिस एक्टिवेट होते हैं। हालांकि यह पूरी तरह से एनर्जी के लिए कार्ब्स और लिवर पर निर्भर होते हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है

यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है। इस दौरान शरीर खुद को एनर्जी देने और चार्ज करने के लिए यह जमा किए फैट का इस्तेमाल करता है। साथ ही यह हार्मोन्स के लिए भी अच्छा होता है।

कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए रनिंग फायदेमंद माना जाता है। वहीं एनर्जी के लिए जमा किए हुए कार्ब्स का इस्तेमाल करती है। ऐसे में रनिंग करने से फैट से ज्यादा कार्ब्स बर्न होते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# व्यापार मंडल ने नगर पालिका की अध्यक्षा सना मामून को सौपा



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर**। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व व्यापारी साथी इकट्ठा होकर नगर पालिका पहुंचे वहां पहुंचकर उन्होंने जोरदार नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की और ज्ञापन नगर पालिका की अध्यक्षा महोदय सना मामून को सौपा इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पूरे नगर रामपुर में लगातार वर्ष 2019 से अब तक का हाउस टैक्स व वाटर टैक्स 50 गुना लगभग बढ़ा दिया गया है और अंधाधुंध नोटिस जारी नगर पालिका परिषद द्वारा किए जा रहे हैं नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा बढ़ाया गया हाउस ट्रैक्स व वॉटर टैक्स समाप्त नहीं कराया गया है जबकि व्यापार मंडल द्वारा लगातार आम जनता के ऊपर हो रहे जुल्म व अत्याचार को रोकने हेतु आवाज वुलन्द की जा रही है आम जनता व्यापारी समाज व नगर पालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले हैं उद्योगो व लघु उद्योगों पर भी भारी भरकम टैक्स वसूलने की तैयारी चल रही है जबकि रामपुर शहर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से अधिक पिछड़ा शहर है यहां से रोजगार के अभाव में 40% जनता यहां से दूसरे प्रदेशों अन्य देशों पलायन कर चुके हैं हाउस टाइप का वॉटर टैक्स के 50 गुना बढ़ने से पूरे शहर में त्राहि त्राहि ट्राई मच गई है चारों ओर इस टैक्स से कोहराम मच गया है जनता में अब नगर पालिका परिषद की दहशत जनता के दिल में बैठ गई है जनता का रोते-रोते बुरा हाल है जबकि संज्ञान में आया है कि गाजियाबाद नगर निगम में जनप्रतिनिधियों के सभी के सहयोग से नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड की बैठक में टैक्स बढ़ाए जाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने दिल्ली, उप्र, जम्मू कश्मीर, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र सहित देशभर में अल्पसंख्यक चैपाल का सफल आयोजन किया जमाल सिद्दीकी

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। भाजपा मुख्यालय पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने मोदी सरकार-3 की पहली सालगिरह के मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सरकार की उपलब्धियों को साझा करने के लिए देशभर में आयोजित हुए अल्पसंख्यक चैपाल कार्यक्रम की समीक्षा रिपोर्ट जमाल सिद्दीकी को सौंपी। इस मौके पर फैसल मुमताज ने बताया कि अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आयोजित अल्पसंख्यक चैपाल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मोदी सरकार के पिछले 11 सालों के दौरान किये गये जनहितेषी कार्यो और उपलब्धियों के बारे में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बताना और जागरूक करना हैं। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा ने दिल्ली, उप्र, जम्मू कश्मीर, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र सहित देशभर में अल्पसंख्यक चैपाल का सफल आयोजन किया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मोदी सरकार अल्पसंख्यकों के विकास पर जोर 11 सालों में किये गये बड़े बदलाव हुए। उन्होने बताया कि चैपाल में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को भारत के संविधान की प्रतियां बांटी गई ताकि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग संविधान और अपने अधिकारों को पहचाने।

# गुलदार का आतंक बछड़े को बनाया निवाला ग्रामीणों में दहशत का माहौल



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बढ़ापुर**। कस्बे के निकटवर्ती क्षेत्र में गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना में बीती रात गुलदार ने एक गाय के बछड़े पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार, गुलदार बछड़े को खींचते हुए गन्ने के खेत में ले जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन खेत के चारों ओर लगी लोहे की तारबंदी के कारण वह भीतर नहीं जा सका। सुबह जब ग्रामीणों ने बछड़े का क्षत-विक्षत शव देखा, तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पशुपालक परिवार गहरे सदमे में है, जबकि गांव के अन्य लोग भी भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार अब सीधे आबादी क्षेत्र में दाखिल हो रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। अगर यह हमला किसी इंसान पर होता, तो जान जाना तय थी। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिंजरे लगाए जाएं और गश्त बढ़ाई जाए, ताकि गुलदार को पकड़ा जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। बच्चों और बुजुर्गों को लेकर लोग विशेष रूप से चिंतित हैं।

# रामपुर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर वर्मा को चिकित्सक दिवस के मौके पर कई संगठनों व सोसायटियों ने सम्मानित किया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर**। रामपुर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस। रामपुर जिला अस्पताल के सीएमएस को चिकित्सक दिवस के मौके पर कई संगठनों व सोसायटियों ने सम्मानित किया।

अल असर एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, जमीयत अहले हदीस द्वारा संचालित एनजीओ द्वारा सीएमएम डा. डीके वर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा लायंस क्लब आफ रामपुर ग्रेटर द्वारा भी सीएमएस डा. डीके वर्मा उनके उत्तम सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जन सेवा समिति द्वारा भी डा. डीके वर्मा को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के मौके पर सीएमएस डा. डीके वर्मा को बधाई देने वालों का जिला अस्पताल में सुबह से ही तांता लगा रहा। शाम तक डा. डीके वर्मा को फूल व मालाओं से लाद दिया गया डाक्टर साहब किसी दूल्हे से कम नजर नहीं आ रहे थे। बताते चले कि डा.




डीके वर्मा ने तीन माह पहले रामपुर जिला अस्पताल का चार्ज संभाला था उसके बाद से ही जिला अस्पताल की बिगड़ी हुई लचर व्यवस्था को काफी हद तक बेहतर बना दिया। जिला अस्पताल की बेहतर व्यवस्था को लेकर डीएम जोगिन्दर सिंह भी सीएमएम डा. डीके वर्मा की भूरी-भूरी प्रशंसा कर चुके हैं। वहीं जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार मिल रहा हैं। तीमारदारों के साथ भी अस्पताल का स्टाफ का रूख बदल चुका हैं और अब स्टाफ उन्हे धकेलने के बजाय उनकी समस्या को सुनकर तुरन्त काम करता हैं। गरीबों का एक ही सहारा रामपुर का जिला अस्पताल हैं जिसमें गरीबों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का पूरा श्रेय सीएमएस डा. डीके वर्मा को ही जाता हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर डा. डीके वर्मा ने भी अस्पताल के अन्य चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी न आये के निर्देश दिये।

# सुभासपा के प्रदेश सचिव विवेक नायक का केक काटकर जन्मदिन मनाया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने पार्टी के प्रदेश सचिव विवेक नायक को उनके आवास पर पहुंच 38 वे जन्मदिवस की बधाई दी एवं हर्षोल्लास के साथ के काटकर जन्मदिन मनाया और दीघार्यु व उज्वल भविष्य की कामना की इस मोके पर भारतीय जनता पाटी के अनुसूचित जाति मोर्चा नजीबाबाद मंडल मीडीया प्रभारी मिथुन भारती समाजसेवी पंकज कुमार बृजमोहन आराध्या आस्था भारती अपर्णा भारती अभिनव भारती ने विवेक नायक को शुभकामनाएं दी

# जोगीरमपुरी मैं 6- मोहर्रम का जलूस फिरोज ईरानी के घर से बरामद


वेलकम इंडियामहमूद रजा



नजीबाबाद के ग्राम जोगीरमपुरी मैं आज छः मोहर्रम का जलूस फिरोज ईरानी के घर से बरामद किया गया जिसमें अलम, ताबूत, जुल्जनाह बरामद किये गये. जलूस से पहले मजलिस हुई जिसमें मरसिया खानीशफीक हुसैन, नवाब ईरानी, फरीद हुसैन, मोहर्रम अली आदि ने की, औ? मजलिस को खिताब करते हुये मौलाना इकरार हैदर जैदी ने कहा चौदाह सो साल पहले करबला इराक मैं एक ऐसा वाक़्या पेश आया जहाँ हक बातिल से टकराया किस्मे नवासाये हुसैन औ? उनके साथियों को शहीद कर दिया गया वजह थी यजीद जैसा कुरूर शासक इमाम से तैयत कराना चाहता था परन्तु इमाम हुसैन ने समर्पण करने से इंकार कर दिया औ? अपने 72 साथियों के साथ हक को औ? दीन को बचाने के लिये कुबार्नी पेश करदी औ? दीने इस्लाम बचालिया ।जलूस मैं नोहा खानी मोहर्रम अली, नवाब ईरानी, राहिब, सादिक, वाजिद रजा, साजिद रजा आदि ने की जलूस का नेतृत्व फिरोज अली ईरानी, सज्जाद अली ईरानी, तस्वीर हैदर, शेरअली ईरानी गुलाम ईरानी, जाकिर आदि ने की

# बीकॉम कंप्यूटर प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित





वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर** : महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली बीकॉम कंप्यूटर प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर से बीकॉम कंप्यूटर में प्रथम स्थान पर पीयूष कुमार द्वितीय स्थान पर वाणी कौशिक तृतीय स्थान पर पूजा रानी रही ।परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह है। महाविद्यालय प्रबंधन इंजीनियर मनोज कुमार ने सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की निरंतर पर प्रयास से ही सफलता हासिल होती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने भी छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम की सराहना की, व उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

# जाट समाज की मजबूती पर दिया बल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



चाँद्पुर चांदपुर -नूरपुर रोड़ स्थित मास्टर संजीव डबास के निवास पर जाट समाज की एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जाट समाज की कुरीतियों को दूर कर समाज की मजबूती पर बल दिया गया। जाट सभा चांदपुर के अध्यक्ष चौधरी नरेश लंबा ने समाज के युवाओं में बढ़ रही नशा प्रवृत्ति को रोकने पर जोर दिया। जाट सभा चांदपुर के संरक्षक चौधरी समर पाल सिंह ने जाटों की एकता को मजबूत करने का संकल्प दिलवाया। जाटों को अपने पुराने पूर्वजों की याद दिलाते हुए उनकी वीरता पर एवं अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ भूपेंद्र सिंह एवं चौधरी मुनेश कुमार फौजी ने देश के लिए शहीद हुए वीर सैनिकों के सम्मान की बात कही। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए 'भरपूर सहयोग देने की बात कही। डॉ सुमित एवं डॉक्टर द्रगेश ने जाट समाज मे बढ़ती दहेज प्रथा पर चिंता जाहिर की। मास्टर राजपाल सिंह, चौधरी वीरेंद्र सिंह पाहुली वाले, सतेन्द्र प्रधान शादीपुर मिलक वाले एवं यशवीर सिंह तोमर ने भी संबोधन किया। जाट सभा चांदपुर द्वारा एयर राइफल 10 मीटर में प्रतिभाग कर रहे नेशनल मेडलिस्ट शादीपुर मिलक निवासी अंश डबास का यूथ कैटेगरी में एशियन चैंपियनशिप कजाकिस्तान के लिए चयन होने पर उनको मिठाई खिलाकर बधाई दी। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मीटिंग का संचालन कपिल कुमार बाबनपुरा वालों ने एवं अध्यक्षता चौधरी योगेन्द्र सिंह गोल्डन ट्रांसपोर्ट वालों ने की। जाट सभा चांदपुर के सम्मानित सदस्यों मे चौधरी ओमकार सिंह राठी दरोगा . चौधरी संजीव कुमार इस्माइलपुर मेडिकल वाले चौधरी रविंद्र कुमार कुलचाना वाले, चौधरी योगेंद्र सिंह बबलू पाहुली वाले, विनीत चौधरी इस्माइलपुर वाले, चौधरी मंजेश कुमार भवानीपुर वाले ने एवं विपिन कुमार एडवोकेट ने अपने विचार प्रकट किये और समाज में बढ़ रही बुराइयों को दूर करने का संकल्प दिलवाया और सभी सम्मानित सदस्यों से भरपूर सहयोग करने का भी संकल्प दिलवाया गया।

# गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर**। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चीनी बिंदल पेपर्स शुगर चांगीपुर समिति नूरपुर के ग्राम हसुपुरा मे मुख्यमंत्री जी के ह्लगन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमह्व के अंतर्गत गन्ना विकास परिषद नूरपुर,सोसाइटी के मास्टर ट्रेनर द्वारा कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर ने समिति के खाद गोदामों और चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे विभिन्न कृषि प्रकार के निवेश के बारे में जानकारी दी। शुगर मिल के इन्द्रवीर सिंह मुख्य गन्ना प्रबंधक नें गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट यथा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, पाईरिला, लाल सड़न, विल्ट आदि रोग के लक्षण, बचाव के विभिन्न प्रकार के तरीकों संबंध में प्रभावित टिलर्स को प्रदर्शित करते हुए एवं फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, शूट कटिंग, चीनी मिल से दिए जाने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक द्वारा मिट्टी के नमूने के विषय मे जानकारी दी. उनके द्वीरा अवगत कराया गया की सोइल फर्टिलिटी मैप के अनुसार ही पोषक तत्वों को खेतो मे डाले, इनके द्वारा प्रजातीय संतुलन के बारे मे बताया गया गन्ना समिति नूरपुर मे स्थापित फार्म मशीनरी बैंक की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर नें विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं,जैविक खेती, गन्ने की पत्तियों की मल्चिंग करने,गन्ने में ड्रिप सिंचाई , गन्ने की बुआई की ट्रेंच, रिंग पिट विधियाँ, सहफसली खेती की महत्ता,मृदा स्वास्थ, फसल चक्र, स्वीकृत प्रजातियों की बुआई पर जानकारी देकर कृषकों को प्रशिक्षित किया, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा सभी कृषको को अवगत कराया की बर्तमान परिदृश्य मे आय दुगनी करने का एक मात्र विकल्प पंचामृत बिधि से खेती करना ही रह गया हैं पंचामृत बिधि से खेती करने के सभी अवयव, ट्रेंच, ड्रिप सिचाई, इंटरक्रॉपपिंग, रटून मैनेजमेंट, और ट्रेस मूलचिग सभी विधियां प्रभाव शाली हैं। गोष्ठी मे प्रगतिशील कृषक एवं मास्टर ट्रेनर ने सिंगल बड बिधि से गन्ने रोपड़ एवं महिला समूहो की उपयोगिता के बारे मे कृषको को अपना अनुभव शेयर किया। प्रशिक्षण पश्चात कृषको को प्रगतिशील कृषक राम सिंह पुत्र महाबीर सिंह के फार्म पर विजिट कराया जहाँ पर पंचामृत खेती के गुर भौतिक रूप से सीखने का मौका मिला। कृषक के प्लाट पर सभी प्रगतिशील प्रजाति का गन्ना खड़ा हैं।

# रोटरी क्लब सरथी बिजनौर द्वारा चिकित्सकों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर** : रोटरी क्लब सरथी बिजनौर ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर स्थानीय चिकित्सकों के प्रतिष्ठानों पर जाकर उन्हें सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सचिव डॉ. अनुज त्यागी, कोषाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, सदस्य डॉ. पंकज त्यागी, सदस्य निपेंद्र चौधरी और अन्य सदस्य रोहित अग्रवाल उपस्थित रहे। क्लब के सदस्यों ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण को नमन किया। रोटरी क्लब सरथी बिजनौर ने इस आयोजन के माध्यम से चिकित्सकों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला बिजनौर के सेवा सप्ताह के अंतर्गत चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जुलाई 2025 को प्रखंड नजीबाबाद के खंड साहनपुर में रवा राजपूत धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री जयलेश जी के द्वारा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया गया। शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉक्टर राजीव अरोड़ा जी, जनरल फिजिशियन डॉ गौरव गुप्ता,डॉ कोनेन, स्टाफ नर्स नरगिश, हर्ष कुमार्ु६ और खून की जांच में शुगर , बीपी , टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया आदि की जांच व दवाई निःशुल्क वितरित की गई। मौसमी बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री जयलेश जी के द्वारा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी



डॉक्टर व स्टाफ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला मंत्री सौरभ जी ने बताया कि ये बजरंग दल का सेवा पखवाड़ा चल रहा है जिस में जिले के अंदर 1 जुलाई से 7 जुलाई तक स्वास्थ्य शिविर ओर पौधा रोपण के कार्यक्रम चलने वाले है उधर अभिषेक त्यागी ने बताया कि आने वाली 4 जुलाई को कचियाना बस्ती में,6 जुलाई को गजरौला पैमर में, ओर 7 जुलाई को जावतजंग में विहिप, बजरंग दल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे ।विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख ऋषिपाल जी ,जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता जी,जिला मंत्री सौरभ शर्मा,जिला सहसंयोजक नवदीप चौधरी,जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी जी,प्रखंड अध्यक्ष सुरेश जी,अजय जी प्रखंड मंत्री,पीयूष जी प्रखंड संयोजक,मनीष प्रजापति नजीबाबाद प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल, मनोज राजपूत जी खंड संचालक नजीबाबाद,राहुल शर्मा साहनपुर खंड अध्यक्ष ५ँस्र, संदीप प्रजापति सहारनपुर खंड संयोजक बजरंग दल, गजेंद्र प्रजापति सहारनपुर खंड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद,सोंटी विवेक साजन कॉलेज विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल,मयंक नाथ जी सहारनपुर खंड संयोजक बजरंग दल,लकी प्रजापति सहारनपुर खंड साप्ताहिक मिलन प्रमुख बजरंग दल,अजय शर्मा जी कार्यकर्ता बजरंग दल,मोंटी भुईयार सहारनपुर खंड सह संयोजक बजरंगदल, कार्तिक प्रजापति, मनीष प्रजापति, अकुल नाथ, आशीष प्रजापति, अवनीश प्रजापति, भूपेंद्र प्रजापति, गोलू लाडी, आदि प्रजापति, ऋषभ प्रजापति, योगेश राजपूत ,आदि कार्यकत्ता उपस्थित रहें।

# स्थानांतरण के बाद शिक्षकों ने नए विद्यालयों में किया कार्यभार ग्रहण

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** स्वार ब्लॉक के अनेक विद्यालयों में सरप्लस शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों ने ऑनलाइन आवेदन के आधार पर स्वैच्छिक स्थानांतरण के बाद बुधवार को बीएसए के आदेश के बाद अपने कार्यरत विद्यालयों से कार्यमुक्त होकर स्थानांतरित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर लिया। सईदुज्जफर रहमानी ने प्राथमिक विद्यालय हजरत नगर से उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड 07 टांडा, अब्दुल रऊफ ने संविलियन प्राथमिक विद्यालय बादली से उच्च प्राथमिक विद्यालय कारखेड़ा, डॉक्टर राकेश वर्मा ने कन्या जूनियर हाइस्कूल तारका मंझरा से कंपोजिट विद्यालय कन्या टांडा, और नफीस अहमद ने प्राथमिक विद्यालय अब्बासपुर से उच्च प्राथमिक विद्यालय सेंटाखेड़ा में अपरान्ह कार्यभार ग्रहण किया। सभी शिक्षकों ने नए विद्यालयों में



पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और नामांकन बढ़ाने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का संकल्प लिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड 07 टांडा में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद सईद रहमानी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ मिलकर नामांकन बढ़ाना और बच्चों को बेहतर शिक्षा देना होगी। इस अवसर पर रसाना वारिस, सभासद एम. सगीर, तस्लीम पहलवान, डॉ. राजवीर सिंह (जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ), हिमदीप सिंह, सईद सागर, सरताज जहां रहमानी, अब्दुल रऊफ एडवोकेट, गोहर अली, आरिफा बेगम, मौलाना सादिक, नफीस अहमद, सर्वेश कुमार, अतीक अहमद, उमर फारूक, और कहकशां रहमानी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के हाथ लगा एक बदमाश, कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने गस्त के दौरान नाला नहर पटरी से एक बदमाश को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए उसे जेल भेज दिया है। बुधवार सवेरे थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र की नाला नहर पटरी पर सुरक्षा की दृष्टि से गस्त कर रहे थे। पुलिस टीम को डग डूंगरा पुलिया के समीप एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया पुलिस टीम ने शक होने पर जब उक्त युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी युवक पुलिस टीम को देखकर जंगल के रास्ते भागने लगा। पुलिस टीम ने भाग दौड़ करते हुए आरोपी युवक को दबोच लिया तलाशी लेने पर पकड़े गए युवक के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा वह जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मोनू उर्फ काला पुत्र सत्यवीर निवासी मोहल्ला प्रेम नगर कस्बा एलम बताया।

# जुलाई मास के प्रमुख व्रत त्योहार, सावन मास की शुरूआत से लेकर नाग पंचमी तक, देखें व्रत-त्यौहारों की पूरी लिस्ट

वेलकम इंडिया

जुलाई 2025 में हिंदू धर्म में कई महत्वपूर्ण व्रत और त्योहार हैं, जो सावन की पवित्रता, ग्रह-गोचर और शादी-ब्याह से जुड़े आयोजनों का मिश्रण हैं. इस मास में सावन मास की शुरूआत होगी, मंगला गौरी व्रत, गुरु पूर्णिमा, नाग पंचमी जैसे कई प्रमुख त्योहार का व्रत किया जाएगा. आइए जानते हैं ज्योतिष कावेरी मुखर्जी जी से की जुलाई मास के प्रमुख व्रत त्योहार के बारे में... जुलाई मास में अनेक महत्वपूर्ण व्रत और त्योहार आने वाले हैं, जो भारतीय पंचांग, तिथि और नक्षत्र व्यवस्था पर आधारित होते हैं. यह मास व्रत त्योहार के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है. इस मास में गुप्त नवरात्रि का समापन होगा और इसके साथ सावन मास की शुरूआत, मंगला गौरी व्रत, गुरु



पूर्णिमा, नाग पंचमी जैसे कई प्रमुख त्योहार व व्रत किए जाएंगे. साथ ही जुलाई महीने में दो बड़ी एकादशी का व्रत भी किया जाएगा, जिसमें देवशयनी एकादशी और कामिका एकादशी का व्रत किया जाएगा. व्रत त्योहार के साथ इस मास में गुरु, शनि समेत 6 बड़े ग्रहों का राशि परिवर्तन भी होने वाला है. आइए जानते हैं ज्योतिष कावेरी मुखर्जी जी से जुलाई मास के प्रमुख व्रत त्योहार के बारे में

## जुलाई 2025 के प्रमुख व्रत त्योहार लिस्ट

- गुप्त नवरात्रि समापन 4 जुलाई दिन शुक्रवार
- हरिशयनी एकादशी व्रत 6 जुलाई दिन रविवार
- चातुर्मास शुरू 6 जुलाई दिन रविवार
- भौम प्रदोष व्रत 8 जुलाई दिन मंगलवार
- कोकिला व्रत 10 जुलाई दिन गुरुवार
- गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा 10 जुलाई दिन गुरुवार
- सावन सोमवार का पहला व्रत 14 जुलाई दिन सोमवार
- सावन भौम प्रदोष व्रत 22 जुलाई दिन मंगलवार
- सावन शिवरात्रि 23 जुलाई दिन बुधवार
- हरियाली अमावस्या, सावन अमावस्या 24 जुलाई दिन गुरुवार
- मधुस्त्रवा हरियाली तीज 27 जुलाई दिन रविवार
- नाग पंचमी 29 जुलाई दिन मंगलवार
- श्रीकल्कि जयंती 30 जुलाई दिन बुधवार
- तुलसीदास जयंती 31 जुलाई दिन गुरुवार

# युवती ने लगाया बाइक सवार दो युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र निवासी एक युवती के साथ बाइक सवार दो युवकों ने लिफ्ट देकर छेड़छाड़ की हरकत कर दी पीड़ित युवती ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बुधवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह गत दिवस मंगलवार को कस्बे में डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए आई हुई थी और गंगेरू बस स्टैंड पर गांव में जाने के लिए किसी सवारी की इंतजार में खड़ी हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि तभी गांव गढ़ी दौलत एवं रामकौर गढ़ी निवासी दो बाइक सवार युवक पीड़िता के पास पहुंचे और कहां की बाइक पर बैठो गांव में हम छोड़ देंगे। आरोप है कि दोनों बाइक सवार युवक लिफ्ट देकर उसे जंगल के रास्ते ले जाने लगे और पूर्वी यमुना नहर पटरी पर छेड़छाड़ की हरकत कर दी युवती के द्वारा शोर मचाने पर मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए, मौके पर पीड़िता के गांव के कई युवक पहुंचे और पीड़िता को आरोपियों के चुंगल से छुड़ाया। दोनों आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गए पीड़ित युवती ने थाने पहुंचकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# बाइक सवार के साथ डाक बंगले के समीप मारपीट, पांच का चालान

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के सिंचाई विभाग के डाक बंगले के समीप बाइक सवार युवक के साथ आधा दर्जन युवकों के द्वारा की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मुकदमा दर्ज करते हुए पांच युवकों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर निवासी राहुल पुत्र धीरज ने बताया की एक सप्ताह पूर्व पीड़ित की बाइक की साइड गांव गढ़ी दौलत निवासी आमिर पुत्र जाहिद के साथ लग गई थी आरोपी युवक ने देख लेने की धमकी दी थी। गत दिवस मंगलवार को पीड़ित अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाइक एजेंसी से एनओसी लेने के लिए जा रहा था आरोप है कि तभी आरोपी युवक ने अपने आधा अर्जन साथियों के साथ मिलकर पीड़ित को कस्बे के सिंचाई विभाग



के डाक बंगले के समीप नहर पटरी पर रोक लिया था और उसके साथ जमकर लात-घुसो व बेल्टों से मारपीट की थी। शौर शराबा होने पर सभी आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। पीड़ित युवक ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आमिर, आजम उर्फ भूरा,समीम,शाहरुख, एवं 3 -4 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की ।थी। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले में पांच अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया है पांच अभियुक्तको का चालान किया गया है से शेष अभिक्तों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# संतकबीरनगर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में मुठभेड़ के दौरान 05 बदमाशो को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष थाना बेलहरकला श्याम मोहन व एसओजी टीम हे0का0 बृजकिशोर गुप्ता के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बुद्धवार को 05 अभियुक्तों शहनवाज उर्फ सेराज पुत्र स्व0 जुल्फिकार अहमद निवासी अमगिलिया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ । (मुठभेड़ मे घायल), जैनुद्दीन पुत्र स्व0 कमरुद्दीन निवासी सैद गोरारी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर ।(मुठभेड़ मे घायल), चंदू कुमार पुत्र रामसागर निवासी शहाबुद्दीनपुर थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर, सूरज पुत्र राजाराम निवासी परशुरामपुर थाना करौंदी कला जनपद सुल्तानपुर, अनमोल पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम झलियांवा थाना सरपतहां जनपद जौनपुर को गोईठहां बाजार से रमवापुर सरकारी जाने वाले तिराहे के पास से पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया।

# जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील गोवर्धन सभागार में मुड़िया पूर्णिमा मेला की समीक्षा बैठक ली

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया

मथुरा/गोवर्धन। मुड़िया पूर्णिमा मेला की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने विभिन्न विभागों के साथ व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा मुड़िया पूर्णिमा मेला दिनांक 04 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक गोवर्धन तहसील में आयोजन होगा, जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों द्वारा श्री गिर्राज जी महाराज की परिक्रमा लगाई जाएगी। उक्त परिक्रमा लगभग 21 किलोमीटर की है, जिसमें विभिन्न पौराणिक एवं ऐतिहासित मंदिर आते है। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन के अधिकारी निरंतर ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन और अपराध नियंत्रण हेतु परिक्रमा मार्ग पर उपस्थित रहेगी। सुरक्षा हेतु सिविल डिफेंस, पुलिस, पीएसी, इंटेलिजेंस, यातायात, दमकल, होमगाड्र्स आदि विभागों की टीमें लगाई गई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे मेले को 9 सुपर जोन, 21 जोन और 62 सेक्टर में विभाजित किया गया है। 6 स्थाई



पुलिस चौकी, 37 अस्थाई पुलिस चौकी, 31 वॉच टॉवर, 150 बैरियर, 183 सीसीटीवी कैमरे, 350 पी0ए0 सिस्टम, 1281 एल0ई0डी0 लाइट, 16 सेमी मस्ट लाइट, 1 हाई मस्ट लाइट, 212 सोलर लाइट, 05 खोया पाया केंद्र, 140 हैंड पंप, 30 पानी के टैंकर, 17 आर0ओ0, 25 मोबाइल टॉयलेट, 03 जन सुविधा केंद्र, 61 पार्किंग स्थल, 22 चिकित्सा शिविर, 16 मोटर साइकिल एम्बुलेंस, 14 एम्बुलेंस, 1100 बसे, 19 अग्नि शमन वाहन, 543 सफाई कर्मचारी, 54 गिर्राज मोबाइल, 24 संचार व्यवस्था, 14 एम्बुलेंस सर्विस 108, पी0ए0सी फ्लड 2 प्लाटून 3 स्थानों पर, 1 टीम एस0डी0आर0एफ, पी0ए0सी 2 कंपनी 7 स्थानों पर, 3 सीसीटीवी कंट्रोल रूम, 9 सीसीटीवी सब कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को सुविधाओं हेतु की गई है। जिलाधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधीनस्थों को कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं के प्रति सभी का व्यवहार विन्रम रहे। सभी विभागों को निर्देश दिए कि बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैठक के पश्चात माननीय विधायक गोवर्धन श्री मेघश्याम सिंह जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार आदि ने गोवर्धन गोरबा वन ब्लॉक के अंतर्गत वन महोत्सव कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण महाअभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत आंवला, बरगद, कदंब, पाकड़, जामुन, अर्जुन आदि प्रजाति के 121 पौधे रोपे। वृक्षारोपण के उपरान्त जिलाधिकारी ने डीग रोड से गोवर्धन बाईपास का संपूर्ण भ्रमण किया। उन्होंने बरसाना बाईपास एवं परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया।

# आधा दर्ज़न गाँव को जोड़ने वाले रास्ते की हालत बद से बत्तर जिम्मेदार मौन

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर:** सावन महीने की शुरूआत होने से पहले ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने तमाम जिलों अफसरों के साथ वार्ता कर निर्देश दिए हैं कि जिन रास्तों से कांवड़ गुजरेगी वहां सड़क दुरुस्त, बेहतर प्रकाश, पानी की व्यवस्था और स्वस्थ वातावरण की व्यवस्था की जाए। सीएम के निर्देश के बाद जनपद बुलंदशहर की डीएम ने भी ये निर्देश जस के तस अपने मातहतों को सुना दिए लेकिन ये व्यवस्था पूरी तरह हवा हवाई साबित हो रही है। क्योंकि सावन के महीने में कहीं सरकार हेलिकाप्टर से कांवरियों पर पुष्प वर्षा रही है। तो कहीं उनकी सेवा में अधिकारी लगे हुए हैं। लेकिन जनपद बुलंदशहर विकासखंड ऊंचागांव



क्षेत्र के गांव कमालपुर के मुख्य मार्ग से जुड़े आधा दर्जन गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव और गंदगी होने से कांवड़ियों को गंदगी और जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। कांवड़ यात्रा शुरूआत के दौरान डीएम ने अधिकारियों को मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, बावजूद इसके जरा सी हुई बारिश ने प्रशासन की कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियों की पोल खोल कर रख दी। कमालपुर के मुख्य मार्ग में सड़क में गड्ढे और कीचड़ भरी होने के कारण कांवड़ियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं कांवड़िए कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। सड़क में हुए गड्ढे और कीचड़ के समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई जाती रही है। सड़क की हालत इतनी दयनीय है कि एक ही बारिश में इस सड़क पर जलभराव व कीचड़ फैल गया। गड्ढों व कीचड़ से बचने के लिए कांवड़िए सड़क के बिल्कुल किनारे चलकर किसी तरह अपना सफर तय करते हैं। तेज रफ्तार वाहन जब पानी से गुजरते हैं। तो सड़क का गंदा पानी कांवड़ियों पर जाता है ।जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक आला अधिकारियों से भी इस सम्बंध में सैकड़ों बार ग्रामीण गुहार लगा चुके हैं। लेकिन बावजूद कोई समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कांवड़ यात्रा के चलते इस सड़क की समस्या ठीक होने की उम्मीद बंधी थी। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने में भी कुछ ही दिन बाकी हैं। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। कांवड़ यात्रा की दृष्टि यह मार्ग इतना महत्वपूर्ण है कि पावन धाम हरिद्वार से कांवड़िए पैदल गंगाजल लेकर अधिकतर इसी मार्ग से गुजरते हैं। ग्राम पंचायत इस समस्या को लोक निर्माण विभाग पर टाल देती है। और लोक निर्माण विभाग इस समस्या को ग्राम पंचायत पर टाल देता है आखिर कब होगा इस समस्या का समाधान।

> सभी रास्तों को सही कराया जा रहा है, जल्द ही इस रास्ते को भी सही करा दिया जाएगा।
> **– खंड विकास अधिकारी अजयपाल सिंह ऊंचागांव**

> मामला संज्ञान में नहीं है, अगर रास्ता लोक निर्माण विभाग का है, तो जल्द ही रास्ते को ठीक कराया जाएगा। **– प्रताप सिंह अधिशासी अभियंता बुलंदशहर**

# स्वर्णकार संघ बलदेव के संयोजक बने रिंकेश्वर सोनी



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जनपद मथुरा में स्वर्णकार संघ बलदेव की एक आवश्यक बैठक का आयोजन डीएनबी डिग्री कॉलेज बलदेव पर किया गया।जिसकी अध्यक्षता देवकीनंदन वर्मा ने की।जिसमें सर्व सम्मति से बबलू सोनी, दिलीप कुमार, राजकुमार वर्मा को संरक्षक, रिंकेश्वर प्रसाद सोनी को संयोजक, सुनील वर्मा, हरिओम दादा को सहसंयोजक, दीपक सोनी को कोषाध्यक्ष, सुजीत वर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर उमाशंकर वर्मा, कान्हा सोनी, देव सोनी, आशु सोनी, मोहित, सोनू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वहीं भाजपा बलदेव मंडल की कार्यकारणी में मंडल मंत्री रिंकेश्वर प्रसाद सोनी व कोषाध्यक्ष बबलू सोनी को बनाए जाने पर स्वागत सम्मान समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य मनीष गगाचार्य ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# डीएम-एसपी ने जनपद में कांवडियों के मुख्य आवागमन मार्ग का भ्रमण-निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** डीएम राहुल पाण्डेय व एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से श्रावण मास-कांवड यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत कांवडियों के मुख्य रुट मार्ग हतीसा पुल,तालाब चौराहा,हाथरस जंक्शन,सलेमपुर,पंत चौराहा, अगसौली चौराहा आदि स्थानों का भ्रमण-निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । डीएम-एसपी द्वारा भ्रमण के दौरान कावडियों के आने-जाने वाले रुट का भ्रमण किया गया तथा रुट में पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध करने हेतु व उन्हें सतर्कता के ड्यूटी करने तथा कावडियों को सामूहिक रूप से जत्थों में रवाना करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । भ्रमण के दौरान डीएम-एसपी द्वारा बताया गया कि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों को सेक्टरो में विभाजित किया जायेगा, जिसमें पर्याप्त पुलिस व प्रशासन अधिकारी-कर्मचारीगणो की ड्यूटी लगायी जायेगी ।तथा आने-जाने वाले कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उसके लिये जगह जगह कैम्प बनाये जायेगे ।कैम्पों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, पानी, स्वअल्पाहार आदि की व्यवस्था की जायेगी । साथ ही पुलिस अधीक्षक हाथ ?स द्वारा पंत चौराहा सि0राऊ पर कांवड़ियों के आने-जाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु चौबीस घंटे आवश्यकतानुसार पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए गये। साथ ही कासगंज बरेली-कासगंज-मथुरा मार्ग पर कांवडियों व भक्तजनों की काफी संख्या में भीड होने के कारण कांवडियों व आमजनमानस की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।एसपी द्वारा कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी क्षेत्राधिकारी-थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों और कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने व ड्यूटियों को समय-समय पर चेक करने एवं मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया। उन्होने सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम-एसपी द्वारा कांवडियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर कावंडियों के ठहरने एवं सूक्ष्म जलपान हेतु बने शिविरों में प्रकाश, पानी, बैठने के लिए कुर्सी व आराम करने हेतु चारपाई-गद्दे, प्राथमिक चिकित्सा, जलपान, स्वल्पाहार, साफ-सफाई, आदि की समुचित व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किये गए है, सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी जायेगी । साथ ही जनपद में जगह-जगह बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति-वाहनों की सघनता से चेकिंग की जायेगी तथा आने-जाने वाले कावडियों का समुचित मार्गदर्शन किया जायेगा । हाथरस पुलिस एवं प्रशासन जनपद में कांवड यात्रा के दृष्टिगत चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है ।

# 19 लाख का साइबर फ्रॉड करने वाला एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) अवगत कराना है कि दिनांक 28 जून को वादी रामकिशन पुत्र हुकुम सिंह निवासी नगला बरी पट्टी देवरी थाना हसायन द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि लगभग एक वर्ष पूर्व अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर से उसका मोबाइल फोन उठा ले गया था । जिसका पता चलने पर वादी द्वारा दूसरा मोबाइल फोन खरीद लिया काफी प्रयास करने पर भी पूराना सिम न निकल पाने पर वादी द्वारा नया नं0 ले लिया । वादी द्वारा दिनांक 6 जूनको स्टेट बैंक से अपनी पास बुक चढवाने पर पता चला कि उसके खाते से अन्य व्यक्तियों द्वारा लगभग उन्नीस लाख रुपये लिये है ।जिसके उपरांत वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार साइबर क्राइम पुलिस थाना हाथरस पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस को घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम में पुलिस टीम के कठिन परिश्रम व अथक-प्रयासोपरान्त संकलित साक्ष्यों, थाना साइबर क्राइम की टेक्निकल इंटेलिजेंस आदि से प्राप्त लाभप्रद सूचना के संकलन से थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मोबाइल फोन व सिम चुराकर यूपीआई के माध्यम से साइबर फ्रॉड करने वाले एक अभियुक्त को रति का नगला तिराहा हाइवे के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त आरेंद्र उर्फ अनेन्द्र उर्फ अनिल पुत्र अशोक निवासी नगला बरी पट्टी देवरी थाना हसायन हाथस का रहने वाला है।

# सपा नेता साजिद गाजी सहित दर्जनों लोग कांग्रेस में शामिल



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर ।** शहर की राजनीति में सक्रिय सपा नेता साजिद गाजी ने अपने दर्जनों साथियों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने आव्हान पर कांग्रेस का हाथ थाम लिया। पूर्व राष्ट्रीय सचिव कॉर्डिनेटर विवेक बंसल और गजराज सिंह ने साजिद गाजी को कांग्रेस का पटका और माला पहनाकर स्वागत किया और कांग्रेस में सक्रिय रहकर संविधान बचाने की लड़ाई मजबूती से लड़ने का आव्हान किया। साजिद गाजी के अलावा बसपा नेता प्रदीप जाटव, सुनील जाटव भी अपने साथियों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में शामिल होने के बाद साजिद गाजी ने कहा कि संविधान बचाने और आम आदमी के अधिकारों की लड़ाई देश सिर्फ राहुल गांधी लड़ रहे हैं ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश का भविष्य है, इसलिए सभी को कांग्रेस के साथ आना होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत किया और कांग्रेस द्वारा हर स्तर पर सहयोग और सम्मान देने का आश्वासन दिया।

# गणेश कॉलोनी के बिल्डर पर मूलभूत सुविधाएं छीनने का आरोप, कॉलोनी वासियो ने मेडिकल स्थित बिल्डर के ऑफिस पर किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**झांसी!** गणेश कॉलोनी के निवासियों ने बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार की देर रात मेडिकल रोड स्थित बिल्डर के कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। कॉलोनी वासियों का कहना है कि बिल्डर ने बिना किसी पूर्व सूचना के कॉलोनी की मूलभूत सुविधाओं को छीन लिया है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बिल्डर ने मनमाने ढंग से पानी की आपूर्ति, बिजली और सुरक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं को बाधित कर दिया है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिल्डर ने उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद उन्हें प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा।गणेश कॉलोनी के रहने वाले दीपक कुमार त्रिपाठी, मनोज तिवारी और धर्मेंद्र यादव में समय करीब रात 11:00 बजे बताया कि वह सब गणेश रेजिडेंसी के निवासी हैं, और कई सालों से कॉलोनी में निवास करते चले आ रहे है, इन लोगो का आरोप है कि आज अचानक से कॉलोनी के बिल्डर ने कॉलोनी की सिक्योरिटी गार्ड, माली, पंप ऑपरेटर, स्विमिंग पूल व्यवस्थापक, व क्लब के स्टाफ को वापस बुला लिया।जिस कारण कॉलोनी में घना अंधेरा छाया हुआ है, डर के कारण महिलाएं बच्चे सब घर में बंद है, कॉलोनी की लाइट ओर पानी की सुविधा सब बंद कर दी गई है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि अगर बिल्डर को कोई समस्या है तो हम कॉलोनी वासियों से आकर बात करें हम सब समस्या का समाधान मिलकर करेंगे, लेकिन अचानक से यह सब बंद कर देना उचित नहीं है।जिसको लेकर सभी कॉलोनी वासियों ने बिल्डर के कार्यालय पर प्रदर्शन किया है। वही बिल्डर की ओर से अभी तक इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।।

# सदस्यता को लेकर की जा रही आपत्ति पर तोड़ी चुप्पी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** यदुवीर सिसौदिया द्वारा बीजेपी का दामन थामने पर लग रही आपत्तियों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि जिला पंचायत चुनाव 2021 के बाद से रालोद से उनका कोई लेना देना नहीं रहा है। उन्होंने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि बीजेपी की नीति और रीति को देखकर उन्होंने भाजपा सदस्यता ली है। जिसमें विरोधियों द्वारा रालोद से जुड़े होने का दावा करते हुए आपत्ति जताई जा रही है। 2021 के बाद लोकदल से कोई लेना देना नहीं रहा है। जिला पंचायत चुनाव 2021 के बाद उन्होंने लोकदल को अलविदा कह दिया। 2021 में जिला पंचायत चुनाव में रालोद से टिकट न मिलने पर वह निर्दलीय चुनाव लड़े थे। उसके बाद से अब उन्होंने बीजेपी का दामन थामा है। हालांकि उससे पूर्व वह रालोद के कई पदों पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए कोई निश्चित समय नहीं होता है। निश्चित समय बस चुनाव का होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन की कार्यप्रणाली को देखते हुए उन्होंने बीजेपी का दामन थामा है।

# चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** भारत विकास परिषद गौरव शाखा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ अध्यक्ष अनिल कुमार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया।

अपने संबोधन में उन्होने कहा कि चिकित्सक और चार्टर्ड एकाउंटेंट समाज के महत्वपूर्ण अभिन्न अंग हैं। मानव सेवा और समाज सेवा का ध्येय रखकर उन्हें अपना दायित्व निभाना चाहिए। इस अवसर पर शाखा के चिकित्सक सदस्यों डॉ राहुल भारद्वाज डॉ दीपाली भारद्वाज डॉ विवेक अग्रवाल डॉ अजय खन्ना डॉ सरिता तेवतिया डॉ पाराशर मांगलिक को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सी ए सदस्य पीयूष गर्ग मनीष मांगलिक शुभांकर मांगलिक स्पर्श गोयल आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दुष्यंत मांगलिक एवं पारस खन्ना रहे। अनिल कुमार अध्यक्ष, विजय गर्ग सचिव,सजल गर्ग रेनू गर्ग डी के गुप्ता राकेश मित्तल अजय गर्ग आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# शराब के नशे में होमगार्ड की बाइक टेंपो से टकराई, अस्पताल में किया हंगामा

**बरेली।** थाना भुता क्षेत्र के गांव सिंघा मुरवान निवासी 50 वर्षीय होमगार्ड देवेंद्र पाल पटेल बुधवार सुबह शराब के नशे में धुत होकर बाइक से कोतवाली ड्यूटी के लिए रवाना हुआ। तभी रास्ते में असंतुलित होकर उसकी बाइक एक टेंपो से भिड़ गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर साथ कार्यरत अन्य होमगार्ड मौके पर पहुंचे और घायल देवेंद्र को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही देवेंद्र का नशा सिर चढ़कर बोलने लगा। जिसके बाद इलाज शुरू होने से पहले ही देवेंद्र पाल ने अस्पताल स्टाफ से गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने मेडिकल स्टाफ को भला-बुरा कहा और बेवजह विवाद करने लगा।

# झांसी: समथर में आकाशीय बिजली गिरने से पावर हाउस की मशीनें क्षतिग्रस्त, घंटों ठप रही बिजली आपूर्ति

वेलकम इंडिया



**झांसी!** मंगलवार की रात समथर कस्बे में तेज बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को ठप कर दिया। आकाशीय बिजली सीधे समथर पावर हाउस पर रखी मशीनों पर गिरी, जिससे साकिन आउटगोइंग मशीन बुरी तरह झुलस गई और अन्य मशीनों की वायरिंग भी जलकर खाक हो गई।

बारिश के चलते 11 केवी लाइन में भी फॉल्ट आ गया, जिससे समथर टाउन समेत आसपास के गांव अंधेरे में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कर्मचारियों को मौके पर रवाना किया और मशीनों की मरम्मत व फॉल्ट ठीक कराने के निर्देश दिए। लगभग 10 घंटे तक विद्युत कर्मचारी और अधिकारी लगातार प्रयास करते रहे। खराब हुई वायरिंग को बदला गया और 33 केवी लाइन की पेट्रोलिंग कर फॉल्ट को ठीक किया गया। अंततः बुधवार की सुबह समथर टाउन की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई। विद्युत विभाग के एसडीओ हिमांशु यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि, ₹आकाशीय बिजली गिरने से समथर में 11 केवी फीडर भी क्षतिग्रस्त हुआ है। साकिन फीडर में फॉल्ट के कारण करीब एक दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित रहेगी। कर्मचारियों की टीम पूरी तरह से मरम्मत कार्य में लगी हुई है और जल्द ही वहां भी आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस घटना के चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रातभर बिजली न होने से लोग परेशान रहे। हालांकि विभाग की तत्परता और कर्मचारियों की मेहनत से सुबह होते-होते समथर कस्बे में बिजली व्यवस्था सुचारू कर दी गई।

# कैसे होगी बेटियों की शादी ? चोर ले उड़े अरमान, पुलिस पर उठे सवाल

मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी (फरधान)।** फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवकली के मजरा घोसियाना में बीते दिनों चोरों ने दो गरीब परिवारों की खुशियों पर ताला जड़ दिया।एक ही रात में दो घरों में हुई बड़ी चोरी की वारदात ने पुलिस गश्त और ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। लाखों रुपये के जेवरात और नकदी की चोरी ने केवल संपत्ति नहीं छीनी, बल्कि बेटियों की शादी के अरमान भी लूट लिए।इस वारदात से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है आइशा बेगम का परिवार, जिनकी छह बेटियां हैं। इनमें से एक बेटी जाशमीन की शादी हो चुकी है, जबकि याशमीन और परवीन की शादी इसी वर्ष तय थी। अन्य बेटियों के नाम हैं झ तरमीन, आफरीन और जाशमीन। आइशा और उनके पति ने बेटियों की शादी के लिए वर्षों तक मेहनत की थी। उन्होंने जानवर तक बेच दिए, एक-एक पैसा जोड़ा, थोड़ा-थोड़ा करके जेवर बनवाए थे। शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी थीं, लेकिन चोर सबकुछ ले गए—नकदी, जेवर और साथ ही मां-बेटियों के सपने भी। बिखरे सामान के बीच बैठी आइशा बार-बार एक ही सवाल दोहराती हैं—अब याशमीन और परवीन की शादी कैसे होगी, उनकी आवाज में सिर्फ दुख नहीं, बेबसी और व्यवस्था से टूटा हुआ भरोसा भी साफ झलकता है। घोसियाना गांव के इसी हिस्से में उसी रात एक और घर में चोरों ने नकब लगाकर लाखों की चोरी को अंजाम दिया। दोनों घटनाओं की समानता इस ओर इशारा करती है कि वारदात पूरी योजना के तहत अंजाम दी गई थी। दोनों ही परिवार गरीब हैं, लेकिन बेटियों की शादी जैसे पवित्र जिम्मे के लिए उन्होंने बड़ी मेहनत से जोड़ा हुआ था। आइशा की बेटी परवीन ने बताया कि वह शादी के लिए सहेजकर रखे गए लहंगे की कढ़ाई देखने ही वाली थी, अब वह सपना अधूरा रह गया है। याशमीन ने कहा हमने मां को हर रोज चिंता करते देखा है, और अब वह टूट गई हैं। उनके आंसू हमें अंदर से तोड़ रहे हैं।इन घरों में अब हर कोना खामोश है।टूटे ताले, बिखरी अलमारी, और डरे हुए चेहरे हर चीज चीख-चीखकर कह रही है कि यहां सिर्फ चोरी नहीं हुई, एक मां की मेहनत, बेटियों की खुशियां और पूरे परिवार का आत्मविश्वास लूटा गया है। घर की दीवारें अब गवाही दे रही हैं कि यहां एक सपना लुटा है। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर तो पहुंची और दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन अब तक न तो कोई गिरफ्तारी हुई है और न ही चोरी गया माल बरामद हो सका है। इससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रात के समय गश्त नहीं होती। अगर पुलिस समय पर गश्त करती तो शायद चोरों की हिम्मत न होती,एक बुजुर्ग ग्रामीण ने कहा। अब गांव में दहशत है और लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। अब सवाल सिर्फ चोरी का नहीं, संवेदनशीलता का है।इस घटना ने साबित कर दिया है की कानून-व्यवस्था के कागजी दावे जमीनी हकीकत से कितने दूर हैं। जब गरीब का सपना लुटता है, तो वह सिर्फ पुलिस थाने जाकर एफआईआर नहीं करता—वह अपने जीवन की एक बड़ी पूंजी गंवा बैठता है। आइशा और उनके जैसी हजारों माताओं के लिए बेटी की शादी महज एक रस्म नहीं, सम्मान, प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान से जुड़ा प्रश्न होती है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से अपील की है कि अपराधियों को शीघ्र पकड़ा जाए, चोरी गया माल वापस दिलवाया जाए और उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि दोबारा से शादी की तैयारियां शुरू हो सकें। साथ ही, गांव में पुलिस गश्त को नियमित करने की मांग भी की जा रही है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या गरीबों की बेटियों की शादी जैसे पवित्र अवसर भी असुरक्षित हैं क्या कोई शासन, प्रशासन या समाज इन बेटियों का सहारा बनेगा या फिर यह मामला भी दर्जनों अन्य एफआईआर की फाइलों में गुम होकर रह जाएगा।आइशा जैसे परिवारों को इस समय न्याय, सुरक्षा और सामाजिक सहयोग की जरूरत है। कोई आगे आए, मदद करे, प्रशासन जिम्मेदारी ले क्योंकि अगर आज इनकी बेटियों की शादी रुक गई, तो कल यह कहानी किसी और की बेटी की भी हो सकती है।

# कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर जमीन से आकाश तक रखी जाएगी पैनी नजर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/सावन महीने में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। जमीन से आकाश तक हर तरफ रहेगा सुरक्षा घेरा। ताकि कांवड़ यात्रा पूर्ण सुरक्षा और शांति के साथ संपन्न हो सके। पुलिस ने सुरक्षा का पूरा खाका तैयार कर लिया है। 15 हजार पुलिसकर्मी कांवड़ यात्रा में चप्पे-चप्पे पर रहेंगे तैनात। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार कर लिया है। सभी जिलों में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा के लिए पूरे रेंज को 57 जोन एवं 155 सेक्टर मे बांटा गया है। रेंज में बुलंदशहर, मेरठ, बागपत हापुड़ चारों जिलों में 540 किमी लंबा कांवड़ मार्ग है। इस पर 10 टोल हैं जहां 119 जगहों पर बैरियर लगाए जाएंगे। मेरठ में 25, बुलन्दशहर में 25, बागपत में 51 एवं हापुड़ में 18 जगहों पर बैरियर लगेंगे। और 15 हजार पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे रेंज में 19 अपर पुलिस अधीक्षक, 54 सीओ, 265 निरीक्षक, 1823 उ0नि0, 2574 मु0आ0, 2860 आरक्षी, 1166 महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारी तथा यातायात पुलिस के 12 निरीक्षक, 117 उपनिरीक्षक, 175 मुख्य आरक्षी एवं 394 आरक्षी और पीएसी की 20 कम्पनी, सीएपीएफ-05 कम्पनी ड्यूटी देंगे। साथ ही ड्रोन से पूरी यात्रा पर नजर रखी जाएगी। वॉच टावर भी बनाए जाएंगे। साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी कांवड़ियों के बीच चलेंगे। इसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल रहेंगी।184 संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए 184 वेटिंग जोन रहेंगे। कांवड़ियो के ठहरने के लिए कांवड़ मार्ग पर 838 शिविर होगें। जिसमें मेरठ मे 464, बुलन्दशहर में 176, बागपत में 90 एवं हापुड़ में 108 शिविर लगेंगे। पूरे रूट पर 184 मिश्रित आबादी क्षेत्र हैं।

जहां विशेष तौर पर नजर रखी जाएगी। मेरठ में 64, बुलन्दशहर में 59, हापुड में 52 एवं बागपत में 09 क्षेत्र हैं। बता दें कि बागपत के पुरा महादेव मंदिर में पूरे सावन में लगभग 20 लाख, बाबा औघड़नाथ मंदिर मेरठ में 04 लाख, ब्रजघाट हापुड में 04 लाख, अम्बकेश्वर महादेव मन्दिर अहार बुलन्दशहर में 70 हजार और सबली मंदिर हापुड़ में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं का आना सम्भावित है। सभी मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे से कांवड़ यात्रा में इन पर नजर रहेगी। मंदिरों में बाहर से लेकर अंदर गर्भगृह तक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। कांवड़ रूट, से लेकर प्रमुख मंदिरों पर सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। पूरी सुरक्षा व्यवस्था को देखने के लिए कंट्रोल रूम रहेंगे। कंट्रोल रुम द्वारा मार्गों व मन्दिरों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग की जायेगी। पूरे रूट पर ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे। सुरक्षा के लिए पीए सिस्टम, एएस चैक टीम, बीडीएस टीम, इंटेलीजेन्स को सक्रिय किया गया है।. आपात स्थिति मे तत्काल बचाव कार्य हेतु बाढ़ राहत रऊफत्र्स/ठऊफत्र्स एवं स्थानीय गोताखोर को सक्रिय किया गया है। और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी निगरानी की जायेगी। कांवड़ मार्गो पर सादे कपड़ों में महिला पुलिस कर्मियों की डयूटी रहेगी। खोया-पाया केन्द्र हर जगह बनेंगे, ताकि बच्चे/व्यक्ति/वस्तु के खोने पर श्रद्धालुओं की मदद की जा सके। वहीं असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वाले, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक उन्माद फैलाने वालो की गतिविधियो पर नजर रहेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में सिंभावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत बंगोली में जन चौपाल का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत बंगोली में लगातार ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पांडे की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सचिव को श्मशान घाट की जमीन पर साफ सफाई एवं पौधारोपण करने के दिए गए। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा ग्राम पंचायत धनपुरा में भी शमशान घाट की जमीन पर बाउंड्री वॉल एवं सौंदर्य करण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई। जन चौपाल के दौरान एक शिकायत कर्ता द्वारा बिजली के बिल में अधिक धनराशि की समस्या पर डीएम ने पचास हजार की धनराशि अपने पास से कराई उपलब्ध। आपको बता दें कि जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में विकासखंड सिंभावली की ग्राम पंचायत बंगोली में जनचौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में कब्रिस्तान की बाउंड्री एवं साफझसफाई की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि कब्रिस्तान की साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही कांटेदार तार से बाउंड्री कराई जाए। जिलाधिकारी ने मंदिर में 100 साल से ऊपर के बाबा जो चलने फिरने में असमर्थ है। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। जिसको लेकर जन चौपाल में बाबा के लिए तत्काल व्हीलचेयर भी उपलब्ध कराई गई। शिकायत कर्ता अमरपाल के द्वारा रास्ते पर गोबर खाद के कारण रास्ता अवरूद्ध होने की शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने ग्राम सचिव को रास्ते की सफाई कराने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में शिकायतकर्ता विकास नरेश द्वारा श्मशान घाट की जमीन पर सफाई एवं पौधारोपण की व्यवस्था की शिकायत की गई। जिस पर सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि शमशान घाट का सौंदर्य कारण एवं पौधारोपण कराया जाए उसके उपरांत ही इन्हें वेतन दिया जाएगा। कार्य न किए जाने पर ग्राम सचिव का वेतन रोकने की दी चेतावनी। जन चौपाल में एक शिकायत गलियों में जल भराव, नाली एवं खडंजे जर्जर होने के कारण निकालने में समस्या का सामना करना पड़ता है।

# 28 मुकदमों में फरार हिस्ट्रीशीटर तौफीक उर्फ गुड्डू पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**वेलकम इंडिया/ चरण सिंह**



**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में एक शातिर बदमाश को पुलिस ने घायल कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तौफीक उर्फ गुड्डू पुत्र लल्ला खां निवासी खजुआ जागीर, थाना शेरगढ़ हाल निवासी मोहम्मदपुर, फायर ब्रिगेड के पीछे कस्बा व थाना बहेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई की सुबह बहेड़ी पुलिस टीम गश्त पर थी। जब टीम पालिटेक्निक कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग के पास पहुंची, तो एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में कॉलेज की दीवार के पास खड़ा दिखाई दिया। टोके जाने पर उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को गिरफ्तार कर सीएचसी बहेड़ी भेजा गया। पकड़े गए बदमाश तौफीक से पूछताछ में पता चला है कि उस पर लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, अवैध असलहा निर्माण आदि गंभीर धाराओं में करीब 28 मुकदमे दर्ज हैं। वह थाना शेरगढ़ का घोषित हिस्ट्रीशीटर भी है। पुलिस ने अब इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भारतीय स्टेट बैंक ने स्कूली बच्चों के बीच मनाया बैंक का स्थापना दिवस

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** भारतीय स्टेट बैंक की गोवर्धन शाखा ने अपना 70वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय गाँठोली में स्कूली बच्चों के बीच में निबंध प्रतियोगिता कराई गई। एसबीआई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंद्र प्रकाश, द्वितीय स्थान मनीष शर्मा, एवं तृतीय स्थान डिंपी ने प्राप्त किया। विद्यालय के सभी भाग लेने वाले बच्चों को नोटबुक, पेंसिल बॉक्स, गिफ़्ट आदि देकर के सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोवर्धन के मैनेजर संतोष कुमार बिंद ने पूरे बैंक परिवार की ओर से उपस्थित सभी को संबोधित करते हुये कहा कि स्टेट बैंक के स्थापना दिवस को बैंक दिवस के रूप में मनाया जाता है। बैंक के अमूल्य इतिहास से सभी को अवगत कराया। कहा कि यहां स्टेट बैंक की स्थापना 1 जुलाई 1955 में की गई थी। इस प्रकार स्टेट बैंक ने सात दशक देश के साथ टैगलाइन जारी किया। इस दौरान वित्तीय साक्षरता एवं बैंक तथा अनेक सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्राहकों को बताया गया। सुलभ बैंकिंग के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है और ईमानदारी और उद्देश्य के साथ देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। एसबीआई गोवर्धन ब्रांच से आये सिद्धार्थ सहाय, देवेंद्र कुमार, नरेंद्र मुखिया ने कैंप लगाकर लोगों को खाता संचालन की जानकारी, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन से प्रधानाध्यापक सुरेश चन्द, दीपक कुमार मिश्रा, आशा शर्मा, मंजू सिंह, निर्मला शर्मा इंदू सिंह, देवेश शर्मा, विनय कुमार, सुमन रावत आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में संचालित निजी स्कूलों में खटारा वाहनों का इस्तेमाल स्कूली बच्चों के लिए किसी भी हाल में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त/एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/जनपद में संचालित निजी स्कूलों में स्कूली बच्चों को लाने ले जाने को लेकर खटारा वाहनों का इस्तेमाल किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिसको लेकर संभागीय परिवहन विभाग टीम के द्वारा एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे के पर्यवेक्षण मे 88 बसों की चेकिंग की गई। जिसके चलते चेकिंग के दौरान मानक अधूरे पाए जाने पर आधा दर्जन स्कूली बसों पर कार्रवाई की गई। गौरतलब रहे कि परिवहन विभाग स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर सक्रिय हो गया है। स्कूली वाहनों की दो दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय के द्वारा 88 स्कूली वाहनों की जांच की गई। जिसमें टीम ने जांच के दौरान मानक अधूरे पाए जाने पर 6 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए एआरटीओ रमेश चौबे ने कहा कि बगैर फिटनेस किसी भी स्कूल बस का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी बेल सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच के साथ ही वाहनों के पंजीकरण प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा और परमिट की भी जांच की गई।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में देश के 27 लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतरे

**वेलकम इंडिया**




**संत कबीर नगर।** कार्यक्रम की अध्यक्षता इं0 मुकेश गुप्ता ने करते हुए सभा के सम्बोधन में कहा कि नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारियों ,जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओ ने उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण निगमों के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों के किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उप्र के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है जिससे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विगत 07 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड रुपए का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है ।

# डीएम ने मेहदावल तहसील अंतर्गत बूढ़ी राप्ती नदी का किया स्थलीय निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा तहसील मेहदावल अवस्थित नदी बूढ़ी राप्ती का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि शासन की मंशा के अनुसार एक महत्वपूर्ण परियोजना के क्रम में प्रत्येक जिले में लुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित किया जाने का कार्य किया जाना है, इसी के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बूढ़ी राप्ती नदी का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारीगण को इस आशय से निर्देशित किया गया कि विभिन्न तकनीकी बिंदुओं के आलोक में भी सर्वे करते हुए यह परीक्षण कर लें कि किस प्रकार इस प्राचीन नदी को अधिक सुरक्षित रखते हुए जनोपयोगी बनाया जा सकता है। नदी मेहदावल तहसील क्षेत्र में प्रवाहित होती है व 18 राजस्व ग्रामों से होते हुए लगभग 35 किमी0 दूर बखिरा झील में मिल जाती है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, तहसीलदार मेहदावल अल्पिका वर्मा सहित तहसील से संबंधित राजस्व अधिकारी, कर्मचारीगण व संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर केएम विवि के कुलाधिपति ने किया डाक्टरों का सम्मान



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टर व पीजी डाक्टरों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर विवि के कुलाधिपति व जिला पंचायत अध्यक्ष मथुरा किशन चौधरी ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा इस धरती पर भगवान के बाद अगर दूसरा स्थान किसी का है तो वह डॉक्टर का ही है, डाक्टर ही एक मरीज की मानसिकता को बदल सकता है, इसलिए आप सभी डाक्टर्स अपने अच्छे व्यवहार से पेसेंट की बीमारी में सुधार ला सकते है। एक डाक्टर 15 साल तक पढ़ाई से सीखता है और जिंदगी भर तक सीखता ही रहता है, जिसने सीखना बंद कर दिया उसे बुढापा आ जाता है। आज का दिन गौरव का दिन है, जिसकी देशभर के समस्त डाक्टरों और आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। मेडीकल कालेज के प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा पूरी दुनि ?या में डॉक्टर्स डे अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है। जबकि भारत में 1 जुलाई को ही नेशनल डॉक ?टर्स डे यानी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। ये दिन विशेष रूप से डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है, जो न केवल एक प्रतिष्ठित चिकित्सक थे, बल्कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी रहे और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 1 जुलाई 1882 में इंडिया के फेमस फिजीशियन डॉ. बिधान चंद्र राय का जन्म हुआ था। साथ ही साथ उनका निधन भी 1 जुलाई को ही 1962 में हुआ था। डॉ. बिधान चंद्र राय का मेडि ?कल फील्ड में अहम योगदान रहा है। उनके योगदान को सम्मान देने के लिए डाक्टरों का सम्मान किया जाता है।

# 28 मुकदमों में फरार हिस्ट्रीशीटर तौफीक उर्फ गुड्डू पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**वेलकम इंडिया/ चरण सिंह**

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में एक शातिर बदमाश को पुलिस ने घायल कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तौफीक उर्फ गुड्डू पुत्र लल्ला खां निवासी खजुआ जागीर, थाना शेरगढ़ हाल निवासी मोहम्मदपुर, फायर ब्रिगेड के पीछे कस्बा व थाना बहेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई की सुबह बहेड़ी पुलिस टीम गश्त पर थी। जब टीम पालिटेक्निक कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग के पास पहुंची, तो एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में कॉलेज की दीवार के पास खड़ा दिखाई दिया। टोके जाने पर उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को गिरफ्तार कर सीएचसी बहेड़ी भेजा गया। पुलिस ने मौके से एक 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और चोरी करने के उपकरण (कट्टर, संबल आदि) बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश तौफीक से पूछताछ में पता चला है कि उस पर लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, अवैध असलहा निर्माण आदि गंभीर धाराओं में करीब 28 मुकदमे दर्ज हैं। वह थाना शेरगढ़ का घोषित हिस्ट्रीशीटर भी है। पुलिस ने अब इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भारतीय शटलकाक टीम ने दोहराया पिछले वर्षो का इतिहास

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** ब्रजभूमि मथुरा आये उत्तर प्रदेश शटलकॉक खेल संघ के अध्यक्ष अरविन्द चित्तौड़िया ने बताया की उनकी ऑनलाइन भारतीय शटलकाक टीम के कोच एवं महासचिव सुदेश कुमार से हांगकांग मै बात हुयी। जिसमे सुदेश ने बताया की भारत की टीम ने तीसरी बार एशियाई शटलकाक चैंपियनशिप जो की 24 से 29 जून तक माँ ओन शान स्पोर्ट्स सेंटर हॉन्ग कॉग मे भाग लिया ओर अपने इतिहास को दोहराते हुए 14 रजत एवं कॉंस्य पदक भारत के लिए जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। एवं देश मे शटलकाक खेल को आगे बढ़ाया है इस जीत का श्रेय मै भारतीय शटलकाक संघ मजबूत पदाधिकारियों पूरे भारत वर्ष के खिलाडी, अभिभावक, ओर विशेषकर मेरे मजबूत साथी सभी पदाधिकारी सदस्य सभी राज्यों के शक्तिशाली सचिव जिन्होंने हम पर विश्वास किया टीम को भेजनें मे सहयोग किया खिलाड़ियों को तैयार करके भाग दिलाया उन्हें देता हु।

वही अरविन्द चित्तौड़िया, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश शटलकॉक संघ ने कहा की खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के कारण परिणाम हमारे पक्ष मै रहे और हम जीते। जल्द ही सभी खिलाड़ियों व कोच का सम्मान समारोह का आयोजन मथुरा मै किया जायेगा। और शटलकॉक खेल की राज्य प्रतियोगिता का आयोजन कर इस खेल को उत्तर प्रदेश मै लोकप्रिय किया जायेगा। भारतीय शटलकॉक टीम मै : प्रजापति प्रेया युथ सिंगल प्लेट सेकेण्ड रनर अप, महिला सिंगल प्लेट फर्स्ट रनर उप, मिक्सड डबलस युथ प्रजापति प्रेया एवं हड़ियोंल सावन सेकेण्ड रनर अप, प्रजापति प्रेया एवं शोलंकी हिमांशु भाई डबलस मिक्सड पुरुष सेकेण्ड रनर अप, हड़ियौल सावन प्लेट युथ सिंगल फर्स्ट रनर अप, मिक्सड डबल्स युथ प्लेट सेकेण्ड रनर अप, पुरुष टीम प्लेट सेकेण्ड रनर अप, सोलंकी हिमांशु भाई मिक्सड डबलस कप सेकेण्ड रनर अप, डबलस पुरुष कप सेकेण्ड रनर अप, पुरुष टीम प्लेट सेकेण्ड रनर अप रीत्विक आर्य पुरुष टीम प्लेट सेकेण्ड रनर अप सुदेश पुरुष डबलस प्लेट सेकेण्ड रनर अप, पुरुष टीम प्लेट सेकेण्ड रनर अप, रहे। और भारत का नाम एशिया मै गौरन्वित किया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय शटल काक फेडरेशन, एशिन शटलकाक फेडरेशन का जिन्होंने हमारी मेहनत की परख की ओर हमारे काम को देखते हुए हमारे पुरे भारत वर्ष के विशिष्ट जन ने पूरी टीम के लिए शुभकामनयें दी एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# महाविद्यालय के शिवरंजनी कल्चरल क्लब के वार्षिकोत्सव का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ तथा संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत गठित व पोषित महाविद्यालय के शिवरंजनी कल्चरल क्लब के वाषीकौत्सव का आयोजन क्लब की मुख्य संरक्षिका प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के कुशल निर्देशन में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काशीराम राजकीय कॉलेज के संगीत विभागध्यक्ष डॉ. भगतसिंह की उपस्थिति ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना द्वारा किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया तत्पश्चात मुख्य अतिथि को प्राचार्य जी ने पटका व पौधा देकर उनका स्वागत किया। छात्राओं ने कल्चरल क्लब गीत सभ्यता संस्कृति और कला रोपित हो अपने जन-जन में की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों नृत्य व गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इसी बीच कल्चर क्लब में सक्रिय प्रतिभागिता हेतु बी. ए. तृतीय वर्ष की पूजा, बरखा पटेल,विशाखा,प्रियंका, हर्षिता आँचल, रानी, कशिश वर्मा, तनु सैनी आदि छात्राओं को सर्टिफिकेट व परितोष प्रदान किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को सुन्दर प्रस्तुति के लिए सराहना व आयोजकों को सफल सुनियोजित कार्यक्रम के लिए बधाई दी। अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी कला,संगीत हमारी सांस्कृतिक धरोहर है जो आज देशविदेश में अपना परचम लहरा रहीं है। हमारी भारतीय सरकार भारतीय संस्कृती को संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है प्रत्येक महाविद्यालय में सांस्कृतिक क्लब का गठन व उसका पोषण इसका एक सफल उदाहरण है । भारत के प्रत्येक नागरिक को उसके संरक्षण के लिए आगे आकर अपना कर्तव्य निभाना होगा यह हमारी जिम्मेदारी भी है और हमारा कर्तव्य भी मैं हमारी समस्त छात्राओं से अनुरोध करती हूं कि वह अपनी संस्कृति को अपने व्यवहार अपने आसपास के वातावरण के माध्यम से आगे बढ़ाये उसका संरक्षण करें तभी हमारा भारतीय होना सार्थक होगा। मुख्य अतिथि डॉ. भगतसिंह ने सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए छात्राओं की प्रशंसा की तथा कहा की संगीत हमारे प्रत्येक पल का संगी है ! परन्तु फिर भी हमारा शास्त्रीय संगीत अवहेलना का शिकार है विदेशों में हमारे संगीत की इतनी मांग है परन्तु अपने ही देश मे युवा अपने संगीत अपनी धरोहर को समझ नहीं पा रहें है आज हमें आवश्यकता है की हम अपनी संस्कृति को समझें अपनी जड़ों से जुड़े रहे हम अपनी महान संस्कृति को समझकर अपने जीवन में उतारकर एक सफल व सुन्दर समाज का निर्माण कर सकते हैं अंत में सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का सफल संचालन व आयोजन किया क्लब प्रभारी डॉ. आकांक्षा सारस्वत व सह प्रभारी डॉ. सारिका गर्ग ने। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोकपाल तोमर, सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा, फराह व छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मुक्तेश मोहन शर्मा को इंटरनेशनल ग्लोरि अवार्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुम्बई में आयोजित इंटरनेशनल ग्लोरी एवार्ड 2025 (आईजीए 2025) में नगर के युवा मुक्तेष मोहन शर्मा को इंटरनेशनल ग्लोरि अवार्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के मिलने की सूचना पर उनके पिता नगरपालिका परिषद के पूर्व कार्यालय अधीक्षक एवं प्रसिद्ध ज्योषिाचार्य पंडित कुंज बिहारी वशिष्ठ को लगातार बधाई मिल रही हैं। मुंबई के जुहू स्थित पांच सितारा होटल नोवोटेल में गत 29 जून को वी कनेक्ट स्टार एवं स्टार्ज ऑफ इंडिया संस्थओं द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने मुक्तेष मोहन शर्मा को इंटरनेशनल ग्लोरि अवार्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित किया। लग्जरी रियल एस्टेट क्षेत्र में देश के प्रस्टीजियस कोरपोरेट अवार्ड से सम्मानित होने पर मुक्तेश ने इसे मोदीनगर के हर युवा का सम्मान बताते हुए कहा कि माता पिता और गुरूजनों के आशीर्वाद के बिना ये सब संभव नहीं था।

इस कार्यक्रम में देशभर से आये फिल्म जगत, रियल एस्टेट इंडस्ट्री, समाज सेवी संस्था के सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। लग्जरी रियल एस्टेट क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और मोदीनगर का नाम रोशन करने पर मुक्तेश व उनके पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता उनके आवास पर लगा हुआ है।

# जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों और सोसाइटियों में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** समाज के स्वास्थ्य कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर द्वारा जून 2025 माह में गाजियाबाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 5000 मरीजों के लिए निःःशुल्क मौखिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य न सिर्फ मरीजों की जांच और इलाज करना था, बल्कि दांतों से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन विजयनगर, जावली, सिद्धार्थ विहार, प्रताप विहार, मोहननगर, डासना, लोनी, नंदग्राम, सोनिया विहार जैसे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में किया गया। साथ ही अजनारा इंटीग्रिटी, राजनगर रेजिडेंसी, चार्म्स कैसल, फॉर्च्यून रेजिडेंसी, विंडसर पार्क जैसी प्रमुख सोसाइटियों में भी दंत चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाई गईं। शिविरों में 21 से अधिक अनुभवी दंत चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया और हजारों मरीजों की जांच की। इस दौरान विशेष रूप से दांतों की सड?, मसूड़ों की बीमारियां, फ्लोरोसिस, और कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थों के प्रभाव जैसे मुद्दों पर मरीजों को शिक्षित किया गया। शिविर में आने वाले मरीजों को दांतों की सफाई, एक्स-रे, दांत निकालना, मसूड़ों का इलाज, एपीएफ जैल लगाना, और दांतों में मसाला भरना जैसे उपचार निःशुल्क प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों को लेकर भी परामर्श दिया गया। उन्नत उपचारों की जानकारी के साथ दी गई संस्थान तक पहुंचने के लिए निःशुल्क बस सेवा की सुविधा दी गई। आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा मरीजों को संस्थान में उपलब्ध डेंटल इंप्लांट्स, रूट कैनाल ट्रीटमेंट (माइक्रोस्कोपिक), ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, लैमिनेट्स, हेयर ट्रांसप्लांट जैसी उन्नत तकनीकों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही शिविर स्थल से कॉलेज तक पहुंचने के लिए एक निःशुल्क बस सेवा भी प्रदान की गई, जिससे मरीजों को उपचार के लिए संस्थान तक आसानी से पहुंच मिल सके। इन स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन का श्रेय आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणादायी सोच को जाता है। उनकी दिशा-निर्देशन में आयोजित ये शिविर जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुए। शिविरों में उपचार प्राप्त करने वाले सैकड़ों मरीजों ने संस्थान के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और इसे एक जन-कल्याणकारी पहल बताया।

## 24 घंटे में नाबालिग अपहृता बरामद, एक गिरफ्तार।

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत नाबालिग लड़की को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बुलंदशहर–गढ़मुक्तेश्वर स्टेट हाईवे स्थित गाँव सुरजपुर टिकरी के पास स्थित आम के बाग के निकट से बरामद कर लिया। इस मामले में उसी के गाँव निवासी दूसरे समुदाय के शादाब पुत्र समसुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष वरुण शर्मा ने बताया कि पीड़िता के भाई की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और गुप्त सूचना के आधार पर बुलंदशहर–गढ़मुक्तेश्वर स्टेट हाईवे स्थित गाँव सुरजपुर टिकरी के पास स्थित आम के बाग के निकट से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही, अभियुक्त शादाब को भी गिरफ्तार किया गया।

## हंगामे के बाद अगवा महिला अलीगढ़ से बरामद, एक गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद थाने पर हिंदू संगठन के हंगामे के बाद थाना क्षेत्र के एक गांव से अगवा हुई महिला अलीगढ़ से बरामद, दूसरे समुदाय का युवक ससुराल से अगवा कर ले गया था। हिंदू संगठन के हंगामे के बाद औरंगाबाद थाना पुलिस हरकत में आ गई। अब पुलिस ने अगवा युवती को अलीगढ़ से बरामद कर लिया है। बता दें कि थाना क्षेत्र के एक गाँव से 20 जून को दूसरे समुदाय के युवक पर ससुराल से महिला को अगवा कर ले जाने का आरोप लगा। मामले में पति ने आरोपी के खिलाफ औरंगाबाद थाने ने एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में महिला की बरामदगी नही होने पर हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने औरंगाबाद थाने का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया था। हंगामे के बाद थाना पुलिस हरकत में आ गई। और सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरे की मदद से अगवा महिला को इस्तकार के साथ अलीगढ़ से बरामद कर लिया है। महिला ने पूछताछ में बताया है कि मुस्लिम समुदाय का इस्तकार उसे बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद इस्तकार उसे कर्नाटक भी लेकर गया था। फिलहाल थाना पुलिस ने अगवा हिंदू महिला को अलीगढ़ से बरामद कर लिया है और आरोपी इस्तकार पुत्र मुमताज खान निवासी ग्राम थौना थाना खानपुर को भी गिरफ्तार किया है। इसी मामले में एएसपी ऋजुल कुमार ने बताया है कि अगवा महिला को अलीगढ़ से बरामद कर लिया गया है। महिला को कोर्ट में 164 के बयान के लिये भेजा जा रहा है।

# गौशाला में अमरूद, आंवला, कटहल,करौंदे का पौधा रोपण किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** अमृत सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में वनोत्सव कार्यक्रम का आरम्भ किया। भोजपुर खण्ड विकास के ग्राम कलछीना में स्थित गौशाला में अमरूद, आँवला, कटहल,करौन्दे के पेड़ ललगाए। अमृत सेवा ट्रस्ट से जुड़ी डॉक्टर अनिला आर्य ने बताया कि गौशाला में गाय से सुरक्षा को संज्ञान में लेते हुए कुछ चारदीवारी के अंदर तो कुछ सड़क के किनारे पौधारोपण किया गया। उधर रोपण कार्यक्रम में डॉक्टर उपेन्द्र कुमार आर्य,डॉक्टर ब्रम्हपाल सिंह आर्य, ग्राम पंचायत सदस्य अरुण ढिलौर,जिला पंचायत प्रत्याशी डॉक्टर जोगेश्वर सिंह,राजकुमार प्रजापति, राजपाल, महेन्द्री,विक्की, संदीप, तथा डॉक्टर अनिला सिंह आर्य का सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि गौशाला में लगभग पच्चीस तीस गाय थीं, उनके लिये ऊचित देखभाल की व्यवस्था थी। बिजली ,पानी,चारा काटने के लिए मशीन ,आदमी सब था। घूमने के लिये बड़ी खुली जगह थी। गोबर एकत्रित हो रहा था तो गौमूत्र भी एकत्रित करने के लिए व्यवस्था थी।सभी सदस्य गणों ने गायों को रोटी खिलाई। इस मौके पर जकुमार प्रजापति को पटका पहनाकर गीता भेंट कर अभिनन्दन किया गया।

# डॉ. राजकुमार सांगवान ने मुख्यमंत्री से नाले को पक्का बनाए जाने का किया अनुरोध

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जनहित में नाले को पक्का बनाये जाने एवं ढकने का अनुरोध किया है। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान में मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र 11-बागपत के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अधिशासी अधिकारी का प्रतिवेदन संलग्न है। प्रतिवेदन में नगरपालिका परिषद मोदीनगर सीमान्तर्गत स्थित नाला, जो कि सिखैड़ा रोड से प्रारम्भ होकर कादराबाद ड्रेन में मिलता है, को पक्का बनाये जाने एवं ढकने का अनुरोध किया गया है। नाले की अनुमानित लम्बाई 5.8 किलोमीटर है। उक्त नाले के निर्माण की कार्ययोजना लागत अंकन रु0 5143.31 लाख को तैयार कर नगर विकास विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। वर्तमान कार्ययोजना की स्वीकृति एवं धन आवंटन की कार्यवाही नगर विकास विभाग के स्तर पर लम्बित है।

विस्तृत विवरण प्रार्थना-पत्र में दिया गया है। कृपया उक्त नाले के शीघ्र निर्माण हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

# ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गन हाउस का विधिवत रूप से उद्घाटन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बी डी शर्मा जी द्वारा बिजनौर में डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा के संस्थान पाराशर गन हाउस का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज ,राष्ट्रीय युवा संयोजक चिन्मय भारद्वाज ,राष्ट्रीय सचिव शिव कुमार शर्मा प्रदेश सचिव कुंवर पाल शर्मा ,गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष बुध प्रकाश शर्मा मेरठ से आए मुकेश शर्मा ,आदेश त्यागी, बिजनौर के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ,भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, दीपक वशिष्ठ आदि गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया ।

# जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश के लिए करे ऑनलाइन आवेदन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या शिखा सिंह ने बताया कि अगले सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा सम्बन्धित आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जा रहे हैं, जो अभ्यर्थी हापुड़ जिले का निवासी हैं और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हापुड जिले में सरकारी / सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा-5 में पढ रहे है, जहाँ जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हो रहा है और जिसमें वे प्रवेश पाना चाहते है, वे पात्र हैं। अभ्यर्थी ने हर कक्षा में शैक्षणिक सत्र में पूरा अध्ययन किया हो और सरकारी / सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा-3 और कक्षा-4 उत्तीर्ण किया हो। साथ ही 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों तिथियों में शामिल) के बीच जन्म होना चाहिए। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जायेगी। ऑनलाईन फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि केटेगरी केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार भरी जाए क्योंकि नवोदय विद्यालय समिति एक केंद्रीय संस्थान है।

# जिलाधिकारी सुबह सुबह अचानक पहुंचे कपकोट

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगाईंआपदा की दृष्टि से बहुत सजग है।जहां लोग मॉर्निंग वॉक करते हैं वही आपदा के दृष्टिगत कपकोट क्षेत्र मेंआपदा से हुए नुकसान और आपदा कंट्रोल रूम सहित कपकोट तहसील क्षेत्र में अधिकारी कर्मी कितने सजग है इसको लेकर डीएम भटगाई अचानक सुबह सुबह बुधवार प्रातःकाल लगभग सात बजे तहसील कपकोट में स्थित आपातकालीन आपदा परिचालन केंद्र, तहसील स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण कर आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंच गए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी लेते हुए रिस्पांस टाइम, स्टाफ की उपस्थिति, और संचालन प्रणाली की तत्परता को परखा।अचानक सुबह सुबह अधिकारी कर्मचारियों को डीएम के कपकोट तहसील पहुँचने की भनक लगते ही सभी अधिकारी कर्मचारी चौकन्ने हो गए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई, लोक निर्माण विभाग एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तत्काल केंद्र पर तलब कर उनकी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का भी परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी मशीनरी, जनशक्ति और संसाधनों को पूर्ण रूप से सक्रिय रखते हुए आगामी किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहें।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने भानी-हर्सिंग्या-बगड़ क्षेत्र का दौरा किया, जहां भूस्खलन के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया था। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों की तत्काल सफाई और पुनः चालू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि स्थानीय लोगों और आवश्यक सेवाओं को कोई असुविधा न हो। ईई लोनिवि अमित कुमार पटेल ने बताया कि शाम तक मार्ग को साफ कर दिया जाएगा।निरीक्षण के अंतिम चरण में जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने केदारेश्वर मैदान स्थित कंट्रोल सेंटर का भी गहन निरीक्षण किया।

# आवारा सांड की टक्कर से भाजपा विधायक के करीबी सरार्फा व्यापारी की मौत

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



बरेली। जिले में आवारा पशुओं का आतंक लगातार जानलेवा होता जा रहा है। मंगलवार को नवाबगंज में एक आवारा सांड की टक्कर से बाइक सवार सरार्फा कारोबारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्य के करीबी सहयोगी ब्रजपाल गंगवार (65) के रूप में हुई है। हादसे की खबर फैलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गंगवार कॉलोनी निवासी ब्रजपाल गंगवार रोज की तरह मंगलवार सुबह अपने काम के लिए बाइक से निकले थे। जैसे ही वह बिजोरिया रोड स्थित महाराज लॉन के पास पहुंचे, अचानक सामने से आए एक बेकाबू आवारा सांड ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह दूर जाकर गिरे और सिर में गंभीर चोटें आने से मौके पर ही बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और दो बेटियां हैं।

# डीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं जनसुनवाई में उमड़ा लोगों का हुजूम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान को लेकर गाजियाबाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।इसी कड़ी में बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा रोजाना की तरह जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित नागरिकों की समस्याएं सामने आईं, जिनमें भूमि विवाद, नगर निगम की सेवाएं, जीडीए से जुड़ी शिकायतें, पुलिस से न्यायिक अपेक्षाएं तथा सरकारी योजनाओं से वंचित लाभार्थियों के आवेदन शामिल रहे। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने हर शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं है, यह जनता से हमारा सीधा संवाद है।इसका उद्देश्य है कि आमजन की शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी और स्थायी समाधान हो। डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हर शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशीलता के साथ पेश आएं और उनकी बात को पूरी गंभीरता से सुनें। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उन पर 'टाइम बाउंड' एक्शन लिया जाए, ताकि आम लोगों का प्रशासन पर भरोसा बना रहे।जनसुनवाई के मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट भी मौजूद रहे। उन्होंने भी प्राप्त शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण की रूपरेखा पर अधिकारियों से चर्चा की।जनसुनवाई में सबसे अधिक मामले नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए और सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े रहे।जिलाधिकारी ने इन सभी विभागों के प्रतिनिधियों को सख्त लहजे में कहा कि शिकायतों के निस्तारण में टालमटोल या लापरवाही को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम की जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि लोग प्रशासन से संवाद की इस प्रक्रिया को लेकर आश्वस्त हैं। लोगों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का समाधान न केवल समय पर होगा, बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

# निगम के हाउस टैक्स वृद्धि प्रस्ताव को पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में मिला करारा जवाब



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**।नगर निगम द्वारा प्रस्तावित हाउस टैक्स में वृद्धि को लेकर उठे जनआक्रोश ने आखिरकार प्रशासन को झुकने पर मजबूर कर दिया। वार्ड 72 की पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा चलाए गए व्यापक अभियान और जनसहयोग के चलते 30 जून की नगर निगम बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया। पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में चलाए गए इस जनहित अभियान को सदन की मुखिया महापौर सुनीता दयाल, सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित सभी पार्षदगण का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता की है, जिन्होंने हमारी अपील पर टैक्स जमा नहीं कराया और जगह-जगह बैनर लगाकर विरोध दर्ज कराया। यह जनमत ही था जिसने इस फर्जी प्रस्ताव को पलटने पर मजबूर कर दिया। प्रस्ताव निरस्त होने के बाद वैशाली सेक्टर-1 स्थित क्लाउडनाइन अपार्टमेंट में स्थानीय नागरिकों ने पार्षद कुसुम मनोज गोयल का गर्मजोशी से स्वागत किया। क्षेत्रवासियों ने उन्हें लोकतांत्रिक आवाज को बुलंद करने वाली जनप्रतिनिधि बताया और उनके साहसिक प्रयासों की सराहना की। इस जनविरोध अभियान को टीम 100 जैसे समाजसेवी संगठनों और भाजपा के कई नेताओं का समर्थन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता सुनील वेद, अवधेश कटियार, धीरज मान, समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार, धर्मवीर, कैलाश राठौड़, रितेश कुमार, स्थानीय नागरिक हर नारायण सिंह, मनीष गुप्ता, राजेंद्र कपूर, राकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सम्मी, सुनील जैन, अभिलाष पिल्लई, सचिन बूटा, विनय अरोड़ा आदि रहे।

# नाले पर बनी पुलिया को लेकर विवाद तेज, किसानों और नगर पालिका आमने-सामने

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मोदीनगर के गांव सीकरी खुर्द में नाले पर बनी एक पुलिया को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।बुधवार को जब नगर पालिका परिषद के कर्मचारी पुलिया तोडे पहुंचे, तो उन्हें स्थानीय किसानों और भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के कार्यकताओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। किसानों का आरोप है कि यह कार्रवाई एक भूमाफिया की शिकायत पर की जा रही है, जिसने अवैध रूप से कॉलोनियां काटकर किसानों के खेतों तक जाने वाला रास्ता रोक दिया है।वहीं किसानों का कहना है कि उन्होंने निजी कंपनी की सहमति से अपनी सुविधा के लिए पुलिया बनाई थी और यह पूर्णतः वैध है।प्रदर्शन के दौरान भाकियू (इंडिया) के कार्यकताओं ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान किया गया या उनके रास्ते बाधित किए गए, तो संगठन जिलेभर में बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।किसान नेता डॉ. बबली गुर्जर ने कहा कि यह पुलिया किसानों के लिए एकमात्र सुगम रास्ता है, जिसे अवैध बताकर तोडे की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने पुलिया निर्माण के लिए नाले की मालिक निजी कंपनी से बाकायदा अनुमति ली थी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 4.0: निवेश परियोजनाओं की प्रगति पर हुई समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जनपद में औद्योगिक निवेश को गति देने और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 4.0 के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एम.ओ.यू. की प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में यह बैठक दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित हुई, जिसमें निवेशकों, उद्योग विभाग, और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि ऐसे निवेश प्रोजेक्ट्स, जिनके एम.ओ.यू. पहले ही हस्ताक्षरित हो चुके हैं लेकिन धरातल पर शुरू नहीं हो पाए हैं, उनकी समस्याओं को चिन्हित कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ ने कहा कि प्रत्येक निवेश इकाई की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, शीघ्रातिशीघ्र निस्तारित करें।विकास की दिशा में किसी भी स्तर पर विलंब अब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यदि विभागीय समन्वय में कोई अड़चन है तो उसे इंटर-डिपार्टमेंटल बैठकें करके दूर किया जाए। बैठक में सी.सी.एल. हॉलीडेज प्रा.लि. द्वारा प्रस्तुत मानचित्र स्वीकृति से संबंधित समस्या पर चर्चा की गई। इस प्रकरण में सीडीओ ने ईओ खोड़ा और एडीएम के साथ अलग से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं एस.जी. स्टेट प्रा.लि. के भूखण्ड पर अतिक्रमण को लेकर आवास विकास विभाग ने अवगत कराया कि एक माह के भीतर पुलिस बल की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, उद्यमी मित्र, और विभिन्न निवेशकगण मौजूद रहे। उन्होंने अपनी समस्याएं और अपेक्षाएं खुलकर साझा कीं। सीडीओ ने आश्वासन दिया कि गाजियाबाद को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने की दिशा में हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने दोहराया कि गाजियाबाद को औद्योगिक और निवेश हब के रूप में स्थापित करना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। ऐसे में जरूरी है कि सभी संबंधित विभाग पारस्परिक समन्वय से कार्य करें और हर निवेश प्रस्ताव को शीघ्रतापूर्वक जमीन पर उतारा जाए।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में कमाण्ड एंड कंट्रोल रूम की शुरूआत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**।पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ के निर्देश पर कमिश्नरेट गाजियाबाद में नागरिक सेवा में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब तीनों जोन में जोनल डीसीपी कार्यालयों में कमाण्ड एंड कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहाँ से पूरे जिले के थानों और एसीपी कोट्र्स की सीसीटीवी के जरिए 24&7 निगरानी की जा रही है। 86 सीसीटीवी कैमरों से थानों और एसीपी कोर्ट में हर गतिविधि पर नजर, शिफ्टवार निगरानी तैनाती से सतर्कता बढ़ेगी।कमांड एंड कंट्रोल रूम के जरिए अब यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी थाने या पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादी के साथ दुर्व्यवहार या अनावश्यक बैठाने जैसी घटनाएं न हों।तीनों जोनों के थानों में कुल 68 तथा एसीपी कोट्र्स में 18 कैमरे लगाए गए हैं।

हर कमांड रूम में तीन-तीन पुलिसकर्मियों की टीम को 8-8 घंटे की शिफ्ट में तैनात किया गया है। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या अनुचित व्यवहार कैमरों में दर्ज होता है तो तुरंत डीसीपी को सूचित किया जाता है। पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ द्वारा आरंभ किए गए फीडबैक सेल को व्यापक सफलता मिली है।पिछले एक महीने में प्राप्त लगभग 27,000 फीडबैक में से सिर्फ 14 नकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं, जिन पर गंभीरता से कार्रवाई की गई। यह पहल नागरिकों की पुलिस व्यवस्था में भागीदारी और विश्वास को मजबूत करने का एक सफल प्रयास साबित हो रही है। गाजियाबाद कमिश्नरेट में सिटीजन चार्टर लागू कर दिया गया है, जिसके तहत पासपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्र और अन्य पुलिस सेवाओं के लिए निश्चित समयसीमा तय की गई है। यह पहल अब तक हजारों नागरिकों को अनावश्यक देरी और कार्यालयों के चक्कर काटने से राहत दे चुकी है।पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ के नेतृत्व में गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि तकनीक, निगरानी और जनसुनवाई का संतुलन ही एक आदर्श पुलिस व्यवस्था की नींव है।

# पांच शातिर चोर गिरफ्तार, 11 दोपहिया वाहन और 10 मोबाइल फोन बरामद

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। थाना टीलामोड़ पुलिस ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इनके कब्जे से चोरी की 5 मोटरसाइकिल, 6 स्कूटी और 10 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरोह दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था और चोरी के वाहनों को सुनसान जगहों पर खड़ा कर मौका मिलते ही बेच देता था। बुधवार को टीलामोड़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पंचशील कट, कोयल एन्क्लेव के पास कार्रवाई करते हुए इस गैंग को दबोच लिया।गिरोह में शामिल पांचों आरोपी गाजियाबाद और बिजनौर के निवासी हैं और दिल्ली, गाजियाबाद, साहिबाबाद, इंदिरापुरम सहित कई थानों में वांछित हैं।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे संगठित रूप से काम करते हैं और चोरी के वाहनों को खंडहर जैसी जगहों पर छिपाकर रखते थे। मौका पाकर उन्हें बेहद सस्ते दामों पर बेच दिया जाता था। साथ ही, मोबाइल फोन भी चोरी कर बाजार में खपाए जाते थे। गिरोह के पास से बरामद मोबाइल फोन अलग-अलग कंपनियों के हैं, जो उन्होंने शहर के अलग-अलग हिस्सों से चोरी किए थे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों को लेकर बुधवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में सीडीओ ने बैंकों की धीमी कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का 15 जुलाई 2025 तक हर हाल में निस्तारण किया जाए, अन्यथा संबंधित बैंक अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एचडीएफसी बैंक, यूको बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक और इंडियन बैंक के जिला समन्वयकों से आवेदन लंबित रहने के कारणों की बैंकवार समीक्षा की गई। जानकारी के अनुसार, एचडीएफसी बैंक में 37, यूको बैंक में 07, पंजाब एंड सिंध बैंक में 28, और इंडियन बैंक में 60 आवेदन अभी तक लंबित हैं। इस पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जताई और इसे योजना के उद्देश्यों के विपरीत बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देना है, लेकिन बैंकों की उदासीनता के कारण लाभार्थियों को अनावश्यक रूप से इंतजार करना पड़ रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि 15 जुलाई 2025 तक लंबित सभी आवेदनों का निस्तारण नहीं हुआ, तो संबंधित शाखा प्रबंधक और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# नई बनी सड़क हफ्तेभर में टूटी, सीडीओ ने सैंपल जांच के आदेश दिए

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले के फर्रुखनगर से सिरोरा गांव तक बन रही पीडब्ल्यूडी की सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।9.7 किलोमीटर लंबे इस स्वीकृत मार्ग में अभी तक महज 3 किलोमीटर का ही निर्माण कार्य हुआ है, लेकिन यह हिस्सा भी एक सप्ताह के भीतर ही टूटना शुरू हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की परतें इतनी कमजोर हैं कि पैर से ठोकर मारने पर ही उखड़ रही हैं, जिससे निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और लापरवाही की आशंका जताई जा रही है।यह मार्ग फर्रुखनगर और सिरोरा के बीच कई गांवों को जोड़ता है, और दैनिक करीब 10 हजार ग्रामीणों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है। इससे पहले की सड़क गड्ढों और जर्जर स्थिति के कारण हादसों का कारण बन चुकी थी। लगातार शिकायतों के बाद सड़क के पुनर्निर्माण को मंजूरी मिली थी, लेकिन नई सड़क की हालत भी कुछ ही दिनों में पुरानी जैसी हो गई।

स्थानीय ग्रामीणों ने नई बनी सड़क में दरारें और उखड़ी परतें देखकर इसका मामला जिलाधिकारी के समक्ष उठाया। उनका कहना है कि इस कार्य में मानक और सामग्री दोनों की अनदेखी की गई है, जिससे सड़क बनने के कुछ ही दिनों में उखड ? लगी है। शिकायत के बाद मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्री अभिनव गोपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि निर्माण कार्य में जो भी कमियां पाई गई हैं, उनका निस्तारण कराया जाएगा। शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में सड़क का सैंपल लिया जाएगा और उसे प्रयोगशाला भेजकर गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी

# अवैध खाली पड़े प्लाटों में हो रहा है कबाड़ का काम,समय रहते नहीं रोका गया तो हो सकती है कोई बड़ी घटना



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले में कई जगहों पर खाली पड़े प्लाटों में कबाड़ खानों का भंडारण किया जा रहा है ऐसे किए गए भंडारण से कोई भी अनहोनी और हादसों की संभावना ज्यादा रहती है आपको बताते चलें ऐसे भंडारण रखने वाली जगह पर किसी भी तरह का सुरक्षा इंतजाम देखने को नहीं मिलता है जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है, जो कि जिले में पहले हो भी चुकी हैं। आपको बताते चलें गाजियाबाद शहर में भीषण गर्मी के कारण बीते महीनों में इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं जहां आग लगने से नुकसान के साथ लोगों की जान तक चली गई। बावजूद इसके इस तरह के अवैध भंडारण पर अंकुश नहीं लग रहा है प्रशासन भी ऐसे भंडारण करने वालों के खिलाफ अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।यदि समय रहते इन भंडारण पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी कोई भयंकर घटना घट सकती है और कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आपको बताते चलें रिहायशी कालोनी में ऐसे कबाड़ खानों में अक्सर बिजली के तारों/प्लास्टिक को भी जलाया जाता हैं जिससे प्रदूषण भी फैलता है जो कि छोटे बच्चे और बुजुर्गों की सेहत पर खासा असर डालता है साथ ही बारिश के कारण यहां पर जल भराव भी देखा जाता है जहां पर मच्छर और बीमारियां पनपतती हैं जो लोगों के लिए हानिकारक है और उनकी सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है, जहां एक ओर नगर निगम प्रशासन लोगों को जागरूक करता है कि घर के आसपास कूड़ा जमा ना होने दें,जल भराव ना होने दें,क्योंकि इससे बीमारियां/मच्छर पनपते हैं जो सेहत पर असर डालते हैं बावजूद इसके प्रशासन सुस्त दिखता है। ताजा मामला विजयनगर के आसपास का बताया जा रहा है जहां पर जल प्लांट रोड पर आमने-सामने दो कबाड़ के भंडारण रिहायशी कॉलोनी में संचालित है जहां पर रहने वाले लोगों की सेहत और सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है जिसके चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।आपको बताते चलें कबाड़ के भंडारण में आग लगने की गुंजाइश ज्यादा रहती है ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए ताकि घटनाओं से बचा जा सके बावजूद इसके,ऐसे भंडारण करने वाली जगह पर ना कोई सुरक्षा के इंतजाम होते हैं और ना ही कोई ऐसे संसाधन जिससे किसी भी आपातकालीन समय में अप्रिय घटना से बचा जा सके।बीमारियों को निमंत्रण/लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ रिहायशी कालोनी में कैसे चल रहा है ऐसा कारोबार। उक्त प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए और ऐसे संचालन करता के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।